राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

वर्ष 13, अंक 334 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये दुर्ग, सोमवार 30 सितम्बर 2024 www.samaydarshan.in

संक्षिप्त समाचार

हिमाचल में प्रदर्शन के दौरान हिंदू नेता को चलते-चलते आया हार्ट अटैक

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश में मस्जिदों के अवैध निर्माण के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच शनिवार को एक दुखद घटना सामने आई है। हमीरपुर में एक प्रदर्शन के दौरान विश्व हिंदू परिषद के एक नेता की हार्ट अटैक से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, देवभूमि संघर्ष समिति के पदाधिकारी जब जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर रहे थे, तभी वीरेन्द्र परमार (47) अचानक गिर पड़े। उन्हें तुरंत मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि परमार को सिर में चोट लगी थी और उन्हें हृदय गति रुकने की समस्या थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा। हमीरपुर के अलावा शिमला, मंडी, सिरमौर और चंबा में भी हिंदू संगठनों ने मस्जिदों के अवैध निर्माण के खिलाफ प्रदर्शन किए। पुलिस ने इन प्रदर्शनों पर नजर रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए थे। हिमाचल प्रदेश में पिछले कुछ समय से मस्जिदों के अवैध निर्माण को लेकर विवाद चल रहा है। हिंदू संगठन सरकार से अवैध मस्जिदों को हटाने की मांग कर रहे हैं।

दोस्ती के बाद लड़कों को कमरे में बुलाती लड़कियां, फिर कपड़े उतारकर करती ये कांड

पटना। बिहार के किशनगंज में एक ऐसे मामले का खुलासा हुआ जिसने सभी के रौंगटे खड़े कर दिए। जहां लड़कियों ने कई लड़कों को अपने जाल में फंसाया। पहले दोस्ती की, फिर प्यार और बाद में कमरे में बुलाती और फिर न्यूड वीडियों बना लेती। इस गैंग में दो लड़कियां शामिल है, वह पहले दोस्ती करती फिर कस्टमर को रूम बुलाती, गैंग के अन्य सदस्य अश्लील वीडियो बनाते और फिर उसी कमरे में आ जाते। युवकों का न्यूड वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग का खेल शुरू हो जाता। किराए के मकान में ये गोरखधंधा चल रहा था। कई लोगों को इन लड़कियों ने शिकार बनाया और मोटा पैसा वसूल किया। मामले का खुलासा तब हुआ, जब पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। किशनगंज के एसपी ने संज्ञान लेते हुए पुलिस को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है।

एयर इंडिया की फ्लाइट में खाने में मिला कॉकरोच, मां-बेटे की तबीयत बिगड़ी

नई दिल्ली। एयर इंडिया के एक यात्री ने दिल्ली से न्यूयॉर्क जाने वाली उड़ान में परोसे गए खाने में कॉकरोच मिलने की शिकायत की है। एयरलाइन ने कहा है कि मामले को आगे की जांच के लिए कैटरिंग कंपनी के समक्ष मामला उठाया गया है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, हमें एक यात्री द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई एक पोस्ट के बारे में पता चला है, जिसमें 17 सितंबर 2024 को दिल्ली से जेएफके के लिए संचालित एआई 101 में उन्हें दिए गए।

मन की बात में पीएम मोदी ने कहा

दुनिया में विनिर्माण का 'पावर हाउस' बना भारत-पीएम मोदी

नयी दिल्ली। एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत आज दुनिया में विनिर्माण का 'पावरहाउस' बन गया है और सभी देशों की नजरें ''हम पर टिकी हैं'' क्योंकि सरकार वैश्विक गुणवत्ता वाली चीजों के निर्माण के साथ ही स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 114वीं कड़ी में मोदी ने देशवासियों से त्योहारों के मौसम में उपहार स्वरूप 'मेड इन इंडिया' उत्पादों को एक-दूसरे को देने का आह्वान किया। 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इस अभियान की सफलता में, देश के बड़े उद्योगों से लेकर छोटे दुकानदारों तक का योगदान शामिल है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह देखकर बहुत खुशी मिलती है कि गरीब, मध्यम वर्ग और सूक्ष्म व मध्यम उद्योग को इस अभियान से बहुत फायदा मिल रहा है और इस अभियान ने हर वर्ग के लोगों को अपनी प्रतिभा सामने लाने का अवसर दिया है। मोदी ने कहा, ''आज, भारत विनिर्माण का पावरहाउस बन गया है और देश की युवा-शक्ति की वजह से दुनिया-भर की नजरें हम पर हैं। ऑटोमोबाइल्स हो, टेक्सटाइल्स हो या फिर उड्डयन का क्षेत्र या फिर इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा का क्षेत्र हो। हर क्षेत्र में देश का निर्यात लगातार बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का लगातार बढ़ना भी 'मेक इन इंडिया' की सफलता की गाथा कह रहा है। उन्होंने कहा कि देश अब वैश्विक गुणवत्ता वाली चीजों के निर्माण के साथ ही स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। महाराष्ट्र के भंडारा जिले में 50 से भी अधिक स्वसहायता समूहों की ओर से टसर सिल्क को संरक्षित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह स्थानीय समुदायों को सशक्त बना रही है और साथ ही 'मेक इन इंडिया' की भावना को भी दर्शा रही है। उन्होंने त्योहारों के इस मौसम में 'मेड इन इंडिया' उत्पाद को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा, ''आप कुछ भी उपहार देंगे, वह 'मेड इन इंडिया' ही होना चाहिए।' मोदी ने एक बार फिर दोहराया कि सिर्फ मिट्टी के दीये खरीदना ही 'वोकल फॉर लोकल' नहीं है बल्कि इसके साथ ही अपने क्षेत्र के स्थानीय उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दिया जाना जरूरी है। पीएम मोदी ने कहा कि श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं। पीएम मोदी ने कहा कि जब तक चटपटी और नकारात्मक बात न हो तब तक तवज्जों नहीं मिलती है। मगर मन की बात कार्यक्रम ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है। पीएम ने कहा कि मन की बात के 10 साल की यात्रा ने ऐसी माला तैयार की है। जिसमें हर एपिसोड के साथ नई गाथाएं और नए कीर्तिमान और नए व्यक्तित्व जुड़ जाते हैं। सामूहिकता के साथ होने वाले हर कार्यक्रम को मन की बात में सम्मान मिलता है। पीएम मोदी ने टीवी चैनलों और प्रिंट मीडिया को धन्यवाद किया।

डिंडोरी की महिलाओं की भी सराहना

पीएम मोदी ने मध्य प्रदेश के दो प्रयासों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि डिंडोरी के रयपुरा गांव में एक बड़े तालाब के निर्माण से भूजल स्तर काफी बढ़ गया है। इसका फायदा गांव की महिलाओं को मिला। शारदा अजीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने मछली पालन शुरू किया। इससे उनकी आय भी बढ़ी। छतरपुर में भी महिलाओं ने खौंप गांव में बड़ा तालाब जब सुखने लगा तो इसे जीवित करने का प्रयास शुरू किया। हरी बागिया स्वयं सहायता समूह की इन महिलाओं ने बड़ी मात्रा में गाद निकाली। इस गाद का इस्तेमाल महिलाओं ने बंजर जमीन पर किया और बाग तैयार की। पीएम मोदी ने उत्तराखंड के गांव झाला का भी जिक्र किया।

उत्तराखंड के झाला गांव का भी किया उल्लेख

पीएम मोदी ने उत्तराखंड के गांव झाला का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस गांव के युवा रोजाना गांव में दो घंटे सफाई करते हैं। इससे गांव स्वच्छ हो रहा है और लोग जागरुक भी हो रहे हैं। पीएम मोदी ने पुडुचेरी की रम्या की भी तारीफकी। वे युवाओं की मदद से समुद्र तट पर सफाई अभियान चला रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि दो अक्तूबर को स्वच्छता अभियान के 10 साल पूरे होंगे। पीएम मोदी ने कहा कि अमेरिकी यात्रा के दौरान वहां की सरकार ने करीब 300 प्राचीन कलाकृतियों को वापस लौटाया है। बाइडन ने अपने आवास पर कुछ कलाकृतियों को दिखाया भी। इनमें से कई कलाकृतियां चार हजार साल पुरानी हैं। इनमें भगवान श्री कृष्ण और भगवान बुद्ध की प्रतिमा भी शामिल हैं।

राहुल गांधी ने बताई शक्ति अभियान की खासियत

राजनीति में समानता और न्याय के लिए महिलाओं की जरूरत

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को कांग्रेस के शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं को जानकारी दी। राहुल गांधी ने कहा कि राजनीति में सच्ची समानता और न्याय के लिए महिलाओं की अधिक आवश्यकता है। जो महिलाएं राजनीति में बदलाव लाना चाहती हैं, वे शक्ति अभियान का हिस्सा बनें। इसके जरिये वह महिलाओं के हित के लिए समान स्थान बना सकती हैं। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि एक साल पहले हमने राजनीति में महिलाओं की आवाज़ को बढ़ाने के लिए मिशन के साथ इंदिरा फ़ेलोशिप शुरू की थी। यह पहल अब महिला नेतृत्व के लिए एक शक्तिशाली आंदोलन बन गई है। सच्ची समानता और न्याय के लिए राजनीति में अधिक महिलाओं की आवश्यकता है। मिशन आधी आबादी, पूरा हक इस मुद्दे के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। राहुल गांधी ने कहा कि मैं उन सभी महिलाओं से आग्रह करता हूं जो वास्तविक बदलाव लाने के लिए उत्साहित हैं, वे शक्ति अभियान में शामिल हों और महिला केंद्रित राजनीति में सक्रिय भागीदार बनें। इसमें शामिल होकर आप मजबूत जमीनी स्तर के संगठनों के निर्माण और सार्थक बदलाव लाने में योगदान दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि एक साथ मिलकर हम गांवों से लेकर पूरे देश तक बदलाव ला सकते हैं बता दें कि शक्ति अभियान भारतीय युवा कांग्रेस की एक पहल है। इसका उद्देश्य राजनीति और निर्णय लेने में महिला हितों के लिए समान स्थान बनाना है, जो शासन के सभी स्तरों पर 'महिलाओं द्वारा महिलाओं के प्रतिनिधित्व' से प्रेरित है।

मुंबई में हो सकता है आतंकी हमला, फेस्टिवल सीजन से पहले खुफिया एजेंसियों ने किया अलर्ट

मुंबई। बॉलीवुड नगरी मुंबई में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों ने फेस्टिवल के मौके पर आतंकी हमले की आशंका जताई है। इस संभावित खतरे के मद्देनजर, शहर की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया जा रहा है। महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा जांच बड़े पैमाने पर की जा रही है। खुफिया एजेंसियों के इनपुट पर शहर में भीड़भाड़ वाले स्थानों और धार्मिक स्थलों को मॉक-ड्रिल किया जा रहा है। हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों, मॉल्स और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा बलों ने इन जगहों की जांच-पड़ताल तेज कर दी है।

केंद्र मदद नहीं कर रहा-ममता बनर्जी

उत्तर बंगाल में बाढ़ की स्थिति चिंताजनक है....

कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उत्तरी जिलों में बाढ़ की स्थिति को ''खतरनाक'' बताया और दावा किया कि राज्य को इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार से सहायता नहीं मिल रही है। बंगाल के उत्तरी हिस्से में बाढ़ की स्थिति का निरीक्षण करने के लिए वहां जा रहीं बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य सरकार युद्ध स्तर पर बाढ़ से निपट रही है। मुख्यमंत्री ने सिलीगुड़ी जाते समय कहा, ''उत्तर बंगाल बाढ़ की चपेट में है। कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जैसे जिले प्रभावित हुए हैं। कोशी नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण, बिहार के कई स्थान और बंगाल के मालदा और दक्षिण दिनाजपुर जिले निकट भविष्य में प्रभावित होंगे।

उदासीनता पर चिंता व्यक्त की

शहरी मतदाताओं की उदासीनता चिंता का विषय-मुख्य निर्वाचन

मुंबई । एजेंसी

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने शहरी मतदाताओं की उदासीनता पर चिंता व्यक्त की और कहा कि आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए मतदान तैयारियों की समीक्षा के बाद मुंबई में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुमार ने मुंबई और उसके आसपास के कोलाबा और कल्याण जैसे क्षेत्रों का जिक्र किया, जहां इस वर्ष हुए लोकसभा चुनावों में सबसे कम मतदान हुआ है। उन्होंने कहा कि दैनिक वेतन भोगियों और असंगठित क्षेत्र के अन्य लोगों को प्रशासन द्वारा सूचित किया जाना चाहिए कि मतदान के दिन उन्हें सवैतनिक अवकाश होगा। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना होगा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान मतदाता सूची में अधिकतम नामांकन और मतदान हो। कुमार ने कहा,हमने महाराष्ट्र सरकार से उन अधिकारियों को स्थानांतरित करने को कहा है, जो तीन साल से अधिक समय से अपने गृह जिले या वर्तमान पदस्थापना की जगह पर कार्यरत हैं। कुमार ने कहा कि उन्होंने अगले कुछ दिनों में इस संबंध में अनुपालन रिपोर्ट मांगी है। सीईसी ने कहा कि यह मतदाताओं का अधिकार है कि वे जानें कि किसी उम्मीदवार की आपराधिक पृष्ठभूमि है या नहीं।

आसाम में बांग्लादेशियों को दिखाया गया बाहर का रास्ता, खुद सीएम ने शेयर की तस्वीर

गुवाहाटी। असम सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ अपना अभियान तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने जानकारी दी है कि राज्य पुलिस ने हाल ही में 17 बांग्लादेशियों को राज्य की सीमा से वापस भेजा है। इनमें 9 वयस्क और 8 बच्चे शामिल हैं। सरमा ने अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इन सभी के नाम भी साझा किए हैं। उन्होंने बताया कि ये सभी लोग अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे।बांग्लादेश में हाल ही में हुई हिंसा और राजनीतिक अस्थिरता के बाद से बीएसएफ ने असम की सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है।

चुनावी जनसभा में कांग्रेस नेता को सुनाई खरी-खोटी

कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति में अंधी हो गई-अमित शाह.....

नई दिल्ली/ एजेंसी



गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को हरियाणा के बादशाहपुर और नांगल चौधरी में दो चुनावी को जनसभा को संबोधित किया। इन दोनों जनसभा में शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। शाह ने राहुल से कई सवाल भी किए। उन्होंने राहुल से पूछा कि हरियाणा में कांग्रेस के कार्यक्रमों में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाए जा रहे हैं, इसपर वह चुप क्यों हैं? इसके अलावा उन्होंने कांग्रेस के स्क्कपर कानून बनाने के वादे पर भी निशाना साधा। बादशाहपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, 'मैं हरियाणा में एक नया ट्रेंड देख रहा हूं। हथीन से थानेसर और थानेसर से पलवल तक कांग्रेस के मंचों पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लग रहे हैं। मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि जब आपकी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगा रहे हैं, तो आप चुप क्यों हैं? कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति में अंधी हो गई है। नांगल चौधरी की चुनावी जनसभा में शाह ने कहा, 'इन दिनों, राहुल बाबा हरियाणा में घूम रहे हैं, वे कह रहे हैं कि 'अग्निवीर योजना', हरियाणा के युवाओं को बेकार कर देगी। भाइयों-बहनों इनका भरोसा मत करना, ये झूठ बोलने की मशीन हैं, अग्निवीर योजना को राहुल बाबा समझे ही नहीं हैं। अग्निवीर योजना, हमारी सेना को युवा रखने का कार्यक्रम है।

बेटे-बेटी से पुलिस पूछताछ पर बोले बघेल

किया जा रहा प्रताड़ित-मां को भी किया था परेशान

रायपुर/ संवाददाता

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने बेटे चैतन्य और बेटी दीप्ति से पुलिसिया पूछताछ को लेकर कहा कि मेरे पूरे परिवार को प्रताड़ित किया जाएगा। कहा कि पहले भी मेरी मां को परेशान किया गया था। इस संबंध में बघेल ने वीडियो जारी कर कैप्शन में लिखा, मैं बहुत सारी बातें मीडिया को बताता नहीं हूं। इसलिए आप लोगों को पता नहीं चल पाता है। मैं जितना अधिक जनता से जुड़े मुद्दे उठाऊंगा, ये लोग मेरे परिवार को प्रताड़ित करेंगे। पहले भी मेरी मां को परेशान किया था। रायपुर में मीडिया से चर्चा में बघेल ने कहा, जब मैं मुख्यमंत्री था, तब हम उदयपुर सम्मेलन में जा रहे थे। इसी एयरपोर्ट में हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ था। उस दिन मेरा बेटा इडी कार्यालय में बैठा था। हम आज से निशाने पर नहीं हैं। अब तो डबल इंजन की सरकार बन गई है। उन्होंने कहा, मेरे बच्चों की शादी हुई तो इडी ने सभी बैंकों के खाते खंगाले कुछ नहीं मिला। हम 5-6 साल से निशाने पर हैं। उससे पहले जब रमन सिंह मुख्यमंत्री थे तब भी निशाने पर थे, अभी भी निशाने पर हैं। जितना जनता से जुड़े मुद्दे हम उठाएंगे उतना मुझ पर और मेरे परिवार पर हमला होगा। बघेल ने कहा कि यह तो भारतीय जनता पार्टी का हमेशा से काम करने का तरीका है। उसके लिए तैयार हैं। ऐसी छोटी-मोटी बाधाओं से हम डरने वाले नहीं है। जनता से जुड़े काम

राजनीति में रहकर कर रहे हैं, इससे पहले उन्होंने मेरी मां को नोटिस भेजा था। गौरतलब है कि बघेल की बेटी दीप्ति से बुधवार को और बेटे चैतन्य से गुरुवार दोपहर भिलाई थाने में करीब चार घंटे पूछताछ की गई। पुलिस ने चैतन्य का मोबाइल जब्त कर लिया है। चैतन्य ने कहा कि उन्हें बयान देने के लिए पुलिस ने बुधवार रात आठ बजे नोटिस दिया था। वही दर्ज कराने के लिए आए थे। चैतन्य से खूबचंद बघेल महाविद्यालय भिलाई-3 के सहायक प्रोफेसर विनोद शर्मा पर हुए जानलेवा हमले मामले में पूछताछ की गई है। घायल प्रोफेसर रायपुर एम्स में आज भी भर्ती हैं।

क्या है पूरा मामला

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक सरकारी कॉलेज के प्रोफेसर विनोद शर्मा पर जानलेवा हमला हुआ था। मामला इसी साल जुलाई का है। प्रोफेसर की छह युवकों ने लाठी-डंडों से जमकर पिटाई की थी और मरा समझ छोड़कर भाग गए थे। स्थानीय लोगों की सूचना पर प्रोफेसर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रोफेसर को छह लोगों ने बुरी तरह पीटा था। शर्मा पर हमला तब किया गया, जब वह पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र से अपने घर जा रहे थे। शर्मा अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं और उनका इलाज चल रहा है।

क्यों हो रही बघेल के बेटा-बेटी से पूछताछ

प्रोफेसर की पिटाई मामले में पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में इस मामले में नौ आरोपियों के शामिल होने की जानकारी मिली है। पुलिस ने उनमें से पांच को गिरफ्तार किया है और चार अन्य की तलाश की जा रही है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने इनाम भी घोषित किया है। बताया जा रहा है कि इस मामले का मास्टरमाइंड नगर निगम का एक ठेकेदार है जो चैतन्य का करीबी माना जाता है। सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि आरोपी चैतन्य के करीबियों में आते थे और घर के भी हर आयोजन में दिखाई देता था। पाटिल ने बताया कि, इस केस में चैतन्य की संलिप्तता, आरोपियों की फरारी में उनकी भूमिका और तकनीकी जांच के लिए उनके मोबाइल को जब्त करने के लिए बुलाया गया था।

संक्षिप्त समाचार

साउथ एशियन चैंपियनशिप में दुर्ग के लक्की यादव ने भारत के लिए जीता स्वर्ण पदक

दुर्ग (समय दर्शन)। पहला साउथ एशिया कॉम्बैट कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन काठमांडू नेपाल में दिनांक 30.8.2024 से 1.9. 2024 तक आयोजित किया गया जिसमें मेजबानी नेपाल ने किया ,भूटान अफगानिस्तान बांग्लादेश आदि देशों ने भाग लिया साथ ही साथ भारत से दुर्ग के सीनियर पहलवान लक्की यादव ने 60 से 64 किलोग्राम में सीनियर वर्ग में लक्की यादव पिता रामू यादव चंडी मंदिर दुर्ग ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया महात्मा गांधी स्कूल के व्यायाम शिक्षिका श्रीमति आरती शुक्ला एवं पूर्व व्यायाम शिक्षक ललित साहू एवं कोच विकास सिंह ठाकुर जी स्वागत में उपस्थित रहे लक्की यादव ने क्वाटर फाइनल मुकाबला में भूटान के पहलवान को 8 - 2 के अंक से पराजित किया एवं सेमीफाइनल में पाकिस्तान के पहलवान को 10 - 4 के अंक से पराजित कर फाइनल मे प्रवेश किया एवं साथ ही साथ फाइनल मे श्रीलंका के पहलवान को 10 - 0 के अंक से प्रभावित कर पराजित कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया साथ ही राज्य एवम देश का नाम रोशन किया इस खुशी के माहौल में वापस आने पर खिलाड़ियों का रेलवे स्टेशन दुर्ग में भारी संख्या में जन सैलाब स्वागत के लिए पहुंचा।

कमला कॉलेज के गृहविज्ञान विभाग में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत एक दिवसीय प्रर्दशनी का आयोजन

राजनांदगांव। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के गृहविज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा तथा विभागाध्यक्ष श्रीमती ममता आर. देव के मार्गदर्शन में पोषण माह के तहत् छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन तथा कम लागत वाले पौष्टिक व्यंजन विषय पर एक दिवसीय प्रर्दशनी का सफल आयोजन डॉ. रेणु त्रिपाठी सहायक प्राध्यापक, गृह विज्ञान तथा अतिथि व्याख्याता डॉ. अर्चना खरे के द्वारा किया गया। प्रर्दशनी में सभी संकाय की जीई, डीएससी, बेसिक न्यूट्रिशन की छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें विभिन्न प्रकार के कम लागत वाले पौष्टिक व्यंजन तथा छत्तीसगढ़ी पारंपारिक व्यंजनों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से विभिन्न व्यंजनों के पोषक मूल्यों और उनके उपचारात्मक गुणों की जानकारी दी गयी तथा पोषण स्वास्थ्य और आहार के संबंध में जागरूकता प्रदान की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्राओं द्वारा बनाएं गये विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की सराहना की व आहार तथा पोषण के महत्व के संबंध में बताया।

स्वच्छता ही सेवा के माध्यम से नगर पंचायत पाटन द्वारा चलाया स्वच्छता अभियान

पाटन - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के माध्यम से अनेकों कार्य किया जा रहा है इसी तारतम्य में नगर पंचायत पाटन द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किया गया इस अभियान में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भी श्रमदान किया व आमजनों को स्वच्छता के प्रति संदेश दिया विदित हो कि नगर पंचायत द्वारा लगातार प्रतिदिन साफसफाई अभियान चलाया जा रहा है व भाजपाइयों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष योगेश निक्की भाले,अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दामोदर चक्रधारी,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष केवल देवांगन,भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष कुणाल शर्मा,महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष निशा सोनी,नगर भाजपा अध्यक्ष होरीलाल देवांगन,सुरेन्द्र वर्मा,छबिश्याम देवांगन,योगेश सोनी,सागर सोनी,नितेश तिवारी,राज देवांगन,रोहित देवांगन,आदित्य सावर्णी,छोटेलाल देवांगन,देवेन्द्र ठाकुर,चंद्रप्रकाश देवांगन,अनिकेत मिश्रा,विक्की बंछोर,नगर पंचायत के अधिकारी सौरभ वाजपेयी योगेश भोई जलज पाण्डेय प्रवीण कुंभकार कलानाथ पदुम सहित स्टॉफ व स्वच्छता समूह के बहनें की उपस्थित रहे।

धान की फसल पर माहो का हमला : किसान परेशान

शंकर लहरे/ सरायपाली (समय दर्शन)। धान की फसल पर माहो के हमले से किसान खासा परेशान हैं। धान की फसल पर जहां तना छेदक, ब्लास्ट, शीथ ब्लास्ट, ब्लाइट्स जैसी बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। अच्छी बारिश के चलते अच्छी फसल की उम्मीद के साथ किसानों ने खूब मेहनत की है और फसल भी खूब लहलहा रही है मगर जिस तरह से धान की फसल में तरह-तरह की बीमारियां लग रही हैं उससे किसान काफी चिंतित हैं। किसानों को इन बीमारियों के रोकथाम के लिए तरह-तरह के दवाओं का छड़काव करना पड़ रहा है। रोहिना के किसान रूपानंद साहू, वीरेंद्र सेठ ने बताया कि धान की फसल में बालियां आने लगी हैं ऐसे समय में ब्लास्ट, तना छेदक, माहो का प्रकोप बढ़ गया है। पिछले दिनों बदली और बारिश की वजह से कीटनाशक दवा का छिड़काव करने का समय नहीं मिल पाया। किसानों ने यह भी बताया कि जिन खेतों में धान के पौधे सघन हैं एवं पानी भरा हुआ है वहां शीथ ब्लास्ट (चरपा रोग) की शिकायत ज्यादा है। इस बीमारी का रोकथाम समय पर नहीं होने से वहाँ माहो पनप रहे हैं। कई खेतों में माहो का हमला भी शुरू हो चुका है। माहो एक ऐसी बीमारी है जिसके चलते पूरी धान की खड़ी फसल चौपट हो जाती है किसानों के हाथ सिर्फ पैरा ही आता है।

इन दिनों छोटे किस्म के धान की फसल में बालियां आने लगी हैं। ऐसे खेतों में तना छेदक और रस चुषक कीड़े फसल को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। तना छेदक कीट बाली पकने से पहले ही उसे पैरा में तब्दील कर रहे हैं रहे हैं। इससे उत्पादन प्रभावित होना स्वाभाविक है।

लहलहाती धान की फसल पर माहो की बुरी नजर लग चुकी है। किसानों के दुश्मन बने भूरा माहो के हमलों से किसान परेशान हैं। खेतों की हरियाली देखते ही देखते गायब हो जा रही है। बताया जाता कि माहो बड़ी तेजी से फैलने वाले किट हैं। समय रहते दवा का छिड़काव नहीं किया तो पूरी फसल बर्बाद होने में देर नहीं लगती।

दवा छिड़काव में परेशानी : धान फसल को बीमारियों से बचाने के लिये महंगे दवा का छिड़काव कर रहे हैं। जिससे उत्पादन लागत बढ़ रहा है। दवा का छिड़काव के लिये मजदूर नहीं मिलने से समय पर दवा का छिड़काव नहीं कर पा रहे हैं। पिछले दिनों हुई बारिश की वजह से भी दवा का छिड़काव नहीं कर पाये। इस समय किसानों के सामने माहो से फसल को बचाना सबसे बड़ी चुनौती है

स्वयं सेवको ने चलाया स्वच्छता अभियान

शंकर लहरे/ सरायपाली(समय दर्शन)। विधान सभा अंतर्गत दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर में संचालित रासेयो इकाई द्वारा डॉ मालती तिवारी जिला संगठक के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य जी. पी. पटेल के दिशा निर्देश तथा आर. के. पटेल कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाडा के अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक स्थानों पर ' स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें बाजार पडाव, मंदिर परिसर, विद्यालय परिसर, स्वास्थ्य केन्द्र परिसर, दुर्गापंडाल परिसर, रंगमंच परिसर, एवं गांव की गली शामिल है, साफ-सफाई करने पश्चात स्वच्छता रैली निकालकर लोगो को जागरूक किया गया ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्राचार्य जी. पी. पटेल, जी. एस. तोमर, श्याम सुन्दर चौधरी ने झाडू लगाकर स्वयं सेवको को प्रेरित करते हुए गांव-गली में साफ-सफाई का संदेश दिया।

रैली में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. वाय. के साहू, डॉ दुर्जय प्रधान, श्रीमती - शशिकिरण ग्वाल, दुर्गा जगत, स्कूल स्टॉप से जे. के. जायसवाल, बी.एल. साहू, सी.आर. जायसवाल, टी. आर. जायसवाल एम. डी. मानिकपुरी, एल. के. साहू, एल. के. सिदार, एफ एस. बरिहा खिरोद सिदार ने साफ-सफाई में सहभागिता निभाई।

स्वयं सेवकों में कु. हेमलता यादव एन एस एस दल नायिका , मनीषा साहू, लालिका श्रीवास, शशि बरिहा, रितू पटेल, विद्या साहू, नीलम साहू, रिया साहू, दिनेश निषाद, कृष्णकु ?मार पटेल, मनीष दास, प्रशांत साहू, लोकेश साहू, नीरज साहू, विक्की पटेल, धनुर्जय श्रीवास, चमन खुंटे, पवन, पियुष सिदार ने विशेष कार्य किया गया उक्त जानकारी कार्यक्रम अधिकारी आर.के. पटेल ने दिया।

टीवी मुक्त अभियान में सभी मिलकर कर सहयोग : कलेक्टर

कसडोल (समय दर्शन)। देशभर में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान टीबी रोग के उन्मूलन हेतु जारी है । अभियान के तहत टीबी रोग का उन्मूलन किया जाना है जिसमें टीबी मुक्त पंचायत बनाई जानी है इसके साथ ही साथ अभियान में जन समुदाय को जोड़ने और उनसे सहयोग लेने हेतु प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने लोगों से निक्ष्य मित्र बनने का आव्हान किया है। इस बारे में जिला कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने भी रुचि लेते हुए जिले के अधिकारियों कर्मचारियों ,व्यवसायियों ,जन प्रतिनिधियों को निक्ष्य मित्र बन अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारियों के निर्वहन की अपील करते हुए इस नेक काम में सभी से सहयोग माँगा है।

निक्ष्य मित्र बन कर समुदाय के जनप्रतिनिधि ,कर्मचारी ,अधिकारी ,उद्योग प्रतिष्ठान, गैर सरकारी संगठन ,व्यापारी आदि मरीजों को सांकेतिक रूप से गोद लेकर प्रोटीन आहार के रूप में पोषण सहयोग करते हैं। यह सहयोग उनके अपने निजी व्यय से होता है। इसी कड़ी में विकासखण्ड कसडोल के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ रविशंकर अजगले के प्रोत्साहन से डॉक्टर सहित कई स्वास्थ्य कर्मचारियों ने निक्ष्य मित्र बन कर टीबी के मरीजों को पोषण सहयोग प्रदान किया । पोषण सहयोग किट में मुख्यत: प्रोटीन युक्त सामग्री दी गई। बी एम ओ रविशंकर अजगले एवं डॉ राकेश प्रधान, डॉ. चंद्रकांत कुर्रे डॉ अनुशिखा झा, सहित ब्लॉक से आज 12 लोग निक्ष्य मित्र बने जो हैं । गौरतलब है कि इससे पूर्व कसडोल में मितानिनों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भी मरीजों को गोद ले पोषण सहायता दी है ।

टीबी हवा के माध्यम से फैलने वाला संक्रामक रोग है जो उपचार न मिलने की दशा में जानलेवा हो जाता है । दो हफ्ते से अधिक की खांसी, शाम को हल्का बुखार, छाती में दर्द, वजन में कमी, बलगम का आना ,बच्चों में वजन का न बढ़ना यह कुछ ऐसे लक्षण है जो टीबी को प्रकट करते हैं । टीबी का जांच और इलाज सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में नि:शुल्क उपलब्ध है । 6 महीने का डॉटस का कोर्स कर टीबी का मरीज पूरी तरह से ठीक हो सकता है । इलाज न करवाने पर यही संक्रमित व्यक्ति एक साल में 10-12 स्वस्थ व्यक्ति को संक्रमित कर देता है । वर्तमान में क सडोल ब्लॉक मे जनवरी से अगस्त तक 157,लोगों की दवाई चल रही है

पांच संभाग के खिलाड़ी पाटन में जुटे, आज होगा समापन

छत्तीसगढ़ में सरकार के अन्याय से जनता में आक्रोश : सूर्यकांत जैन

राजनांदगांव (समय दर्शन)। सतनाम तीर्थ गिरोधपुरी से राजधानी रायपुर तक निकली कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में राजनंदगांव शहर कांग्रेस कमेटी दक्षिण ब्लॉक के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान श्री जैन ने मार्ग में आम जनता को संदेश दिया कि प्रदेश में बढ़ते अपराध और जनता की दुख तकलीफ से भाजपा सरकार को कोई वास्ता नहीं उन्हें बस सत्ता सुख चाहिए, इसलिए अन्याय अत्याचार करने से भी बाज नहीं आ रही है। ऐसी स्थिति में कांग्रेस द्वारा पुरजोर विरोध किया जाना जरूरी हो गया है। इसी कड़ी में यह छत्तीसगढ़ नया यात्रा निकाली गई है। इस यात्रा को आम जनता का अच्छा प्रतिशत मिला है।

श्री जैन ने बताया कि प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था, प्रतिदिन हो रही हत्या, लूट, चाकूबाजी, डकैती, गोलीबारी, आदिवासियों की फर्जी मुठभेड़ आदि घटनाओं से आम आदमी में भय पैदा हो गया है। प्रदेश की विगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रतिरोध प्रदेश की राजधानी भी सुरक्षित नहीं है, इस सरकार में अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है, अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है, जिससे प्रदेश की जनता अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। राज्य में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध प्रदेश में रोज हो रही दुराचार, सामूहिक दुराचार, बच्चियों से बलात्कार, हत्या की घटनाओं के विरोध में, गिरौदपुरी के अमर गुफा में जैतखाम के साथ हुये तोड़फोड़ के विरोध बलौदाबाजार आगजनी मामले में सरकार द्वारा अपनी नाकामी छिपाने निर्दोषों की गिरफ्तारी का विरोध तथा कांग्रेस के नेताओं और सतनामी समाज के लोगों की रिहाई, कवर्धा के लोहारीडीह में साहू समाज के 3 बेटो की हत्या, प्रशांत साहू की पुलिस की बेरहम पिटाई से हुई मौत की न्यायिक जांच, हाईकोर्ट के वर्तमान जज की निगरानी में तथा दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किये जाने की मांग, छत्तीसगढ़ सरकार सीरियल कीलर बन गयी है। कभी आदिवासियों की हत्या, तो कभी सतनामी समाज के लोगों पर कार्यवाही और अब साहू समाज के महिला-पुरूषों के साथ मारपीट व हत्या हो रही है, आगे पता नहीं किसकी बारी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश विजली उत्पादक राज्य में से है, उसके बाद भी छग में यहां के उपभोक्ताओं को महंगी बिजली खरीदना पड़ रहा है, और राज्य सरकार लगातार बिजली की दर बढ़ा रही है। परम पूज्यनीय बाबा के धाम से यात्रा निकाल कर हम प्रदेश में भाईचारा, एकता और अपराधमुक्त छत्तीसगढ़ हर व्यक्ति की सुरक्षा के लिए छग न्याय यात्रा ही हमारा संकल्प है, ताकि प्रदेश की जनता को न्याय मिल सके।

भाजयुमो भिलाई रिसाली मंडल ने चलाया सदस्यता अभियान

भिलाई (समय दर्शन)। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश नेतुत्व के आवाहन पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला भिलाई रिसाली मंडल द्वारा वार्ड नं 20 बूथ नंबर 195 स्टेशन मरोदा चौपाटी में बूथ स्तर पर युवा मोर्चा जिला भिलाई अध्यक्ष अमित मिश्रा के निर्देश एवं रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे के मार्गदर्शन एवं रिसाली मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष नरेंद्र निर्मलकर के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया ! जिसमें मुख्य रूप से युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा जिला महामंत्री रितेश ठाकुर जिला उपाध्यक्ष ..... सौरभ चटर्जी , सुभाष , सदस्यता अभियान मंडल प्रभारी अजीत चौधरी * युवा मोर्चा रिसाली प्रभारी *पूनम सपहा * समाजसेवी पुरेन्द्र साहू , वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अनिल रॉय , भाजयुमो रिसाली मंडल अध्यक्ष नरेंद्र निर्मलकर , महामंत्री प्रवीण सिंह राजपूत , सुजीत यादव , श्रवण गुप्ता ,हरिश्याम तिवारी , नरेंद्र कोसे , शंकर ढीमर , तुलसी शुक्ला , संजू महानंद मुकेश सिंह , छोटू क्षत्रीय उपास्थित थे जिसमे दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के आईडी से 85 नए सदस्य बनाए गए।

पांच संभाग के खिलाड़ी पाटन में जुटे, आज होगा समापन

पांच संभाग के भारोत्तालन खिलाड़ी पाटन में दिखाएंगे दम, तीन दिवसीय 24 वो शालेय राज्य स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा का पाटन में आगाज हुआ

पाटन (समय दर्शन)। 24 वीं शालेय राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में दूसरे दिन रविवार को कई मुकाबला हुए। स्पर्धा का समापन 30 सितंबर को होगा। इस प्रतियोगिता में अंदर 17 ओर अंडर 19 के पांच भाग के खिलाड़ी शामिल होंगे। बालक और बालिका दोनो वर्ग का लिए यह स्पर्धा आयोजित है।

स्पर्धा के दूसरे दिन आज विभिन्न वर्ग में बालक बालिकाओं ने दमखम दिखाया। आज विजेता टीम के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रतीक चिन्ह देकर भी सम्मानित किया गया। आज कार्यक्रम में खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने भाजपा दुर्ग के जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा सहित नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष निक्की योगेश भाले , केवल देवांगन , कुणाल शर्मा, दामोदर चक्रधारी, नगर भाजपा के अध्यक्ष होरीलाल देवांगन भी पहुंचे थे। इन्ही अतिथियों के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। स्पर्धा में 45 कि.ग्राम प्रथम विधि साहु रायपुर, द्वितीय विनिता पारकर दुर्ग, तृतीय समीक्षा वर्मा बिलासपुर, 49 किलो ग्राम में प्रथम हेमा कुमारी रायपुर, द्वितीय लक्ष्मी रामटेके दुर्ग ,तृतीय सुमन निषाद बिलासपुर रही। 40 किलो ग्राम में रेशम दुर्ग ,द्वितीय बबली विश्वास रायपुर, तृतीय रिंकी भोयर बस्तर,

45 किलो ग्राम में प्रथम प्राजंली तिवारी रायपुर, द्वितीय खुशी रंगारी दुर्ग, तृतीय देवकी मरकाम बस्तर, 49 कि ग्राम में आकृति राजपूत दुर्ग, 49 कि.ग्राम द्वितीय अनामिका साहू रायपुर, तृतीय रागनी बिलासपुर, 55 किग्राम में प्रथम जानवी साहू दुर्ग, 55 कि.ग्राम द्वितीय धानी धीवर बिलासपुर, तृतीया प्रिती मरकाम बस्तर, 59 किलो ग्राम प्रथम मजहबीन खांन दुर्ग, द्वितीय ममता नाग सरगुजा सहित अन्य मौजूद रहे।

आज होगा समापन - प्रतियोगिता का पुरस्कार एवं समापन समारोह 30 सितंबर सोमवार को सुबह 11:00 बजे से स्थान: रेस्ट हाऊस के पीछे खेल मैदान में होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित चन्द्राकर विधायक - दुर्ग ग्रामीण उपाध्यक्ष छ.ग. राज्य ग्रामीण एवम अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण होंगे। अध्यक्षता गजेन्द्र यादव विधायक - दुर्ग शहर करेंगे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती हर्षालोकमणी चन्द्राकर जिला पं. सदस्य दुर्ग, श्रीमती राम बाई सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन, खेमलाल साहू मण्डल अध्यक्ष मध्य पाटन, लोकमणी चन्द्राकर मण्डल अध्यक्ष उत्तर पाटन, लालेश्वर साहू मण्डल अध्यक्ष दक्षिण पाटन , भाजपा नेता सुरेंद्र साहू, होंगे। खेल प्रभारी पोखन साहू ने बताया की यह आयोजन जिला प्रशासन व शालेय शिक्षा विभाग दुर्ग द्वारा किया जा रहा है।

सार समाचार

प्रतिबंधित सीरप के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर(समय दर्शन)। गुढ़ियारी पुलिस ने प्रतिबंधित कफ सीरप के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 30 नग सीरप जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गुढ़ियारी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गोगांव के पास आरोपी सहबाज खान 23 वर्ष व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 30 नग प्रतिबंधित कफ सीरप जब्त किया है। जिसकी कीमत 5100 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियाकें के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

तीन तस्करों से लाखों का गांजा बरामद

रायपुर(समय दर्शन)। राजधानी के तेलीबांधा थाना पुलिस ने लाखों की गांजा तस्करी करने वाले तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। तथा उनके पास से 15 लाख रूपये से ज्यादा की कीमत का 63 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना मिली कि थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत उद्योग भवन के पास एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन अजय कुमार(भा.पु.से) एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी तेलीबांधा को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तेलीबांधा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम कमलेश तेलाशी निवासी तेलीबांधा रायपुर का होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। गांजा के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा गांजा को महासमुंद से लाना बताने के साथ-साथ कुछ व्यक्ति गांजा तस्करी हेतु चारपहिया वाहन में गांजा लेकर रायपुर की ओर आ रहे है बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत जोरा ओव्हरब्रीज के पास नाकेबंदी किया गया तथा आरोपी कमलेश तेलाशी द्वारा बताये चारपहिया वाहन को आता देख उसका पीछा कर उसे पकड़ा गया। वाहन में 02 लोग सवार थे। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम अजय उईके एवं प्रमोद सिंह राजपूत निवासी महासमुंद का होना बताया गया।

अधूरे काम करने वाले ठेकेदारों को करें ब्लैकलिस्टेडः विधायक श्री अनुज शर्मा

नल जल योजना के तहत हर घर में पहुंचाए नल कनेक्शन - सांसद बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर(समय दर्शन)। जिले में नल जल योजना के तहत हर घर तक नल कनेक्शन पहुंचाने की बात सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कलेक्टोरेट परिसर के रेड क्रॉस में आयोजित जिला पंचायत की समान्य सभा में कही। इस बैठक में उन्होंने जल की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन और ठेकेदारों के बीच समन्वय बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। जल हमारे जीवन का अनिवार्य हिस्सा है। इस योजना के तहत हमें सुनिश्चित करना है कि हर परिवार को शुद्ध और पर्याप्त जल उपलब्ध हो। उन्होंने ठेकेदारों को चेतावनी दी कि यदि वे अपने कार्य को समय पर पूरा नहीं करते हैं, तो उन्हें गंभीर परिणामों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का सही क्रियान्वयन और पारदर्शिता बेहद आवश्यक है, जिससे कि जनता का विश्वास बना रहे। सांसद ने कहा, कि ऐसे शालाओं की सूची तैयार की जाए, जिसमें अनिवार्य विषय गणित,

जीवविज्ञान, साइंस और आर्टस संचालित नहीं है। इसके लिए शासन को पत्र लिखकर इन विषयों को पढाया जा सके। इसके अलावा बीज निगम द्वारा टंडवा ग्राम पंचायत में बीज निगम द्वारा अमानक बीज की सप्लाई को लेकर सांसद श्री अग्रवाल ने 106 किसानों को नियमानुसार मुआवजे और बीमा की राशि दिए जाने साथ दोषियों पर कार्रवाई का निर्देष दिया। बैठक में जैविक खेती को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की गई। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि जैविक खेती से न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद है। उन्होंने कृषि विभाग से आग्रह किया कि वे किसानों को जैविक खेती के तरीकों के बारे में जागरूक करें और उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करें। इस अवसर पर विधायक श्री अनुज शर्मा ने ठेकेदारों की कार्यप्रणाली पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा हमारे जिले में कई ठेकेदार हैं जो अपने कार्य को अधूरा छोड़ देते हैं। ऐसे ठेकेदारों को तुरंत ब्लैकलिस्ट किया जाना चाहिए। निगरानी की जाए और जो लोग अपने दायित्वों का पालन नहीं कर रहे साथ ही जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर आबकारी विभाग के अधिकारियों को कहा कि अवैध शराब की ब्रिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। इसके लिए पुलिस विभाग की मदद से ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाए। जो इसमें संलिप्त पाए जाते हैं। विधायक श्री गुरू खुशवंत साहेब ने भी नलजल योजना का सुचारू रूप से क्रियान्वयन करने की बात कही। साथ ही जैविक खेती पर जोर देते हुए कहा कि किसानों को जैविक खेती के लाभों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए हमें कार्यशालाएं आयोजित करनी चाहिए और सफल जैविक किसानों के अनुभव साझा करने चाहिए।

चोर से चोरी की रकम लूटने वाले दो युवक गिरफ्तार

रायपुर(समय दर्शन)। राजधानी के लाखेनगर में कपड़े के दुकान में हुई चोरी के मामले में चोर से ही चोरी की रकम लूटकर गबन करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा चोरी की रकम बरामद किया है। बता दें कि आजाद चौक थानाक्षेत्र के लाखेनगर मेन रोड में लक्ष्मी कलेक्शन्स नाम की रेडीमेंट कपड़े की दुकान में 25 सिंतबर की रात चोरी हुई थी। जिसकी शिकायत दुकान संचालक प्रदीप पृथवानी ने थाना आजाद चौक थाने में दर्ज कराई थी। जिस पर अज्ञात अरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 305 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आजाद चौक पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आस-पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ घटना स्थल तथा उसके आस-पास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्तता अज्ञात आरोपियो के संबंध में जानकारी मिली। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त एक नाबालिग बालक को पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ की गई। जिसपर उसके द्वारा उक्त चोरी को करना स्वीकार किया तथा बताया कि वह चोरी कर जा रहा था तभी रास्ते में सोनकरपारा के पास दो युवकों ने उसे से पकड़ लिया तथा उसके पास रखे चोरी के पैसों से भरे बैग को अपने पास रख लिया। जिस पर पुलिस की टीम के सदस्यों द्वारा दोनों युवकों की पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान दोनो व्यक्तियों को पंकज केवलानी निवासी डी.डी.नगर एवं आयुष गंगवानी निवासी आजाद चौक के रूप में चिन्हांकित किया गया। जिस पर दोनो को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिसके बाद दोनों पर धारा 317(2) बी.एन.एस के तहत गिरफ्तार किया गया है। तथा उनकी निशानदेही पर कब्जे से चोरी की नगदी रकम 1,43,000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है।

स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम और धूम्रपान न करने से हृदय रोग की रोकथाम संभव है

रायपुर। दुनिया भर में लगभग 18 मिलियन हृदय रोग के मामलों को स्वस्थ आहार अपनाने, नियमित व्यायाम करने और धूम्रपान न करने से रोका जा सकता है।

यह बात छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित एलीट मेडिसिटी हॉस्पिटल के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राजीब लोचन भांजा ने विश्व हृदय दिवस 2024 के अवसर पर कही।

उन्होंने कहा, भले ही किसी व्यक्ति के परिवार में हृदय रोग का इतिहास रहा हो, फिर भी चिकित्सा में हुई अविश्वसनीय प्रगति के कारण हम हृदय रोग की रोकथाम और उपचार कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया भर में हृदय रोग मृत्यु का एक प्रमुख कारण है, जिसने 2019

में 17.9 मिलियन लोगों की जान ले ली, इनमें से तीन-चौथाई मौतें निम्न और मध्यम आय वाले देशों में हुईं। हृदय संबंधी बीमारियों से होने वाली इन मौतों में से 85 प्रतिशत मौतें दिल के दौरे और स्ट्रोक के कारण हुईं। जोखिम कारकों में अस्वास्थ्यकर आहार, कम शारीरिक गतिविधि, धूम्रपान, शराब और प्रदूषण शामिल हैं

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन जैसे उद्योग संबंधी दिशानिर्देश यह सलाह देते हैं कि रक्तचाप की जांच 20 वर्ष की आयु से शुरू की जाए तथा हर वर्ष कराई जाए। उच्च रक्तचाप से हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है, लेकिन आमतौर पर इसके कोई लक्षण नहीं होते, तथा इसकी पुष्टि के लिए माप की आवश्यकता होती है।

डॉ. भांजा का कहना है कि मरीजों को कम से कम हर पांच साल में अपने कोलेस्ट्रॉल की जांच करानी चाहिए, तथा यदि जोखिम कारक मौजूद हों तो अधिक बार जांच करानी चाहिए। इसके अलावा, उनके बॉडी मास इंडेक्स का मूल्यांकन किया जाना चाहिए ताकि यह देखा जा सके कि उनका शरीर का वजन स्वस्थ है या नहीं, और उनके रक्त शर्करा के स्तर को मापा जाना चाहिए ताकि यह देखा जा सके कि उन्हें मधुमेह का खतरा है या नहीं। डॉ. भांजा ने कहा कि महिलाओं में अतिरिक्त जोखिम कारक होते हैं, महिलाओं में हम 10 वर्ष का लिंग अंतर कहते हैं। महिलाओं में 10 साल का लैंगिक अंतर होता है। एस्ट्रोजन के कारण, उन्हें 60 की उम्र में दिल की बीमारी होने की संभावना होती है, जबकि पुरुषों को 50 की उम्र में दिल की बीमारी होती है। हालांकि, मधुमेह होने से महिलाओं के लिए यह अंतर खत्म हो जाता है। गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप या मधुमेह भी महिलाओं में शुरुआती हृदय रोग के लिए प्रमुख जोखिम कारक हैं

जम्मू-कश्मीर में बदलाव प्रधानमंत्री मोदी की दुर दृष्टि और सकारात्मक विकास से हुआ संभव - विष्णुदेव साय

रायपुर(समय दर्शन)। जम्मू-कश्मीर में धारा-370 हटने के बाद काफी कुछ बदल गया है। और बदलाव संभव हुआ प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि और सकारात्मक विकास से। यह कहना है मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में कभी पत्थरबाजों का आतंक था, लेकिन आज तस्वीर अलग है। पत्थरबाजी बंद है, आतंक पर लगाम, जनता विकास के संग है। कश्मीर के हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। इसका असर चुनाव परिमाण में दिखेगा। जम्मू-कश्मीर में कमल खिलेगा। सीएम विष्णु देव साय ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने

सभी से आह्वान किया है कि एक पेड़ अपने मां के नाम लगाएं। देश के लोगों ने पीएम मोदी के आव्हान को शिरोधार्य किया है। पीएम मोदी के आव्हान पर छत्तीसगढ़ में 4 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभियान के रूप में चल रहा है। यह निश्चित रूप से पर्यावरण के क्षेत्र में एक क्रांति है। वहीं विभागीय समीक्षा बैठक को उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री होने के नाते सभी विभागों की समीक्षा कर रहा हूं। आधा दर्जन से ज्यादा विभागों की समीक्षा बैठक हो चुकी है। सबसे पहले एग्रीकल्चर, हेल्थ, क्क॥श्व विभाग की समीक्षा की। राजस्व और खेल विभाग की भी बैठक लिया हूं। आने वाले समय में और भी विभागों की समीक्षा बैठक लेंगे। जरूरत पड़ने पर निर्देश दिए जाएंगे। जम्मू कश्मीर को लेकर सीएम साय ने कहा कि जब से पीएम मोदी आए हैं तब से जम्मू कश्मीर के हालात बदले हैं। वहां पर पंचायत चुनाव हुए हैं। विधानसभा के चुनाव भी हो रहे हैं। जिस तरह वहां पर पत्थरबाजी होती थी सब बंद हो गई हैं।

स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ने ग्रीन एनर्जी पहलों को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों और हाउसिंग सोसाइटी के लिए शून्य कॉस्ट ईएमआई पेश की

स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड (बीएसई: 511700), एक प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है, जिसने भारत में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने के लिए एक नई फंडिंग योजना शुरू की है। यह योजना कंपनियों को ग्रीन ऊर्जा समाधान अपनाने में मदद करेगी, जिससे ऊर्जा का उपयोग और भी टिकाऊ और किफायती हो सके। भारत की बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रयासों के अनुरूप, स्टैंडर्ड कैपिटल का फंडिंग उन परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करेगा जो सौर पैनल और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली स्थापित करते हैं। भारत ने स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है, 2023 तक 68 गीगावॉट से अधिक सौर क्षमता स्थापित की जा चुकी है। यह प्रयास देश के 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के बड़े लक्ष्य का हिस्सा है।

स्कूलों और हाउसिंग सोसाइटी में स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं के लिए शून्य लागत ईएमआई- इस पहल का मुख्य आकर्षण शैक्षणिक संस्थानों और हाउसिंग सोसाइटी के लिए बनाया गया शून्य लागत ईएमआई वित्तपोषण योजना है, जो हरित ऊर्जा समाधान अपनाने को और अधिक सुगम और सस्ती बनाता है। शून्य लागत ईएमआई योजना एक अनूठी, ब्याज-मुक्त पुनर्भुगतान संरचना प्रदान करती है, जिससे संस्थानों पर वित्तीय बोझ कम होता है और टिकाऊ ऊर्जा के व्यापक उपयोग को सक्षम बनाया जाता है।

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बेंगलुरु स्थित तेजस नेटवर्क कार्यालय में तेजस नेटवर्क के स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए विशाल एमआईएमओ रेडियो का उद्घाटन किया.

फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन डेज 2024 के 11वें संस्करण की शुरुआत

रायपुर (समय दर्शन)। भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपने बहुप्रतीक्षित द बिग बिलियन डेज (टीबीबीडी) 2024 के 11वें संस्करण की शुरुआत कर दी है। फ्लिपकार्ट वीआईपी और प्लस ग्राहकों के लिए 26 सितंबर को अर्ली एक्सेस (एक दिन पहले) के साथ 27 सितंबर से सभी ग्राहकों के लिए टीबीबीडी की शुरुआत हो गई है। अर्ली एक्सेस डे और पहले दिन कुल मिलाकर 33 करोड़ से ज्यादा यूजर विजिट्स देखने को मिले, जो देशभर के खरीदारों के त्योहारी उत्साह को दिखाता है। मोबाइल, फूड एंड न्यूट्रिशन और ग्रूमिंग कैटेगरी में बढ़ती मांग के साथ शुरुआती ट्रेंड्स आगे जबर्दस्त त्योहारी सीजन का संकेत दे रहे हैं। द बिग बिलियन डेज के 11वें संस्करण के मौके पर फ्लिपकार्ट के वाइस प्रेसिडेंट ङ्क ग्रोथ हर्ष चौधरी ने कहा, 'हर साल भारत में त्योहारी सीजन की शुरुआत द बिग बिलियन डेज के साथ होती है, जो पूरे इकोसिस्टम को साथ लाता है। यह सिर्फ एक शॉपिंग फेस्टिवल नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर विकास, नवाचार एवं गठजोड़ को बढ़ावा देने का अवसर है, साथ ही विभिन्न वर्गों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। फ्लिपकार्ट ने भारत में डिजीटलीकरण के सफर को सक्षम बनाया है और द बिग बिलियन डेज की इसमें अहम भूमिका रही है। ग्राहकों एवं इकोसिस्टम पार्टनर्स के साथ अपने जुड़ाव को बढ़ाते हुए हम सीमाओं को आगे बढ़ा रहे हैं, साथ ही ग्राहकों की संतुष्टि एवं कारोबारी सफलता के नए मानक स्थापित कर रहे हैं। शुरुआती ट्रेंड्स ऐसी श्रेणियों में बढ़ती मांग की ओर संकेत कर रहे हैं, जिनसे लाइफस्टाइल अपग्रेड में मदद मिलती है। इस साल त्योहारी सीजन में टियर 2 शहरों से भी मांग में तेज वृद्धि देखने को मिली है। फ्लिपकार्ट में हम हर किसी को इस सफर के लिए सशक्त करते हुए डिजिटल इकोनॉमी में संभावनाओं के लगातार नए मानक बनाने में विश्वास रखते हैं। शुरुआती ट्रेंड्स से इस त्योहारी सीजन में भारतीय लोगों की प्राथमिकता का मिल रहा है संकेत टीबीबीडी 2024 के शुरुआती ट्रेंड्स ग्राहकों का जबर्दस्त उत्साह दिखा रहे हैं। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्ज अप्लायंसेज, फैशन, ब्यूटी एवं होम प्रोडक्ट्स जैसी कैटेगरी में ग्राहकों के बीच सबसे ज्यादा मांग देखने को मिली। एक ओर जहां नई दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरुजैसे मेट्रो शहरों में टीबीबीडी के पहले 24 घंटों में ग्राहकों की तरफसे मांग में वृद्धि देखने को मिली, वहीं मेदिनीपुर, हिसार, बरहामपुर, बांकुरा और अगरतला जैसे छोटे शहरों से भी जबर्दस्त मांग दर्ज की गई है। एथनिक वियर, वेस्टर्न वियर, स्पोर्ट्स फुटवियर, कैजुअल फुटवियर एवं फॉर्मल फुटवियर जैसे प्रोडक्ट्स की शॉपिंग करते हुए ग्राहक अपनी लाइफस्टाइल को अपग्रेड कर रहे हैं। बिग बिलियन डेज के अर्ली एक्सेस डे पर और पहले दिन इन कैटेगरी में ज्यादा मांग देखने को मिली है। ऑन-एप एक्सपीरियंस से बढ़ा है ग्राहकों का जुड़ाव ब्रांड मॉल, फ्लिपइन ट्रेंड्स और स्पॉयल जैसे एंगेजिंग फीचर्स के माध्यम से फ्लिपकार्ट विभिन्न ग्राहकों को जोड़ रहा है और पर्सनलाइज्ड एवं ट्रेंड आधारित शॉपिंग एक्सपीरियंस दे रहा है, जिसमें इसके बड़े यूजर बेस की अलग-अलग प्राथमिकताओं और जरूरतों की झलक दिखती है। फ्लिपइन ट्रेंड्स में 10 गुना की वृद्धि देखने को मिली है, जो क्यूरेटेड और ट्रेंडिंग प्रोडक्ट्स में बढ़ती रुचि को दिखाता है, क्योंकि ग्राहक फैशन एवं लाइफस्टाइल कैटेगरी में लेटेस्ट ऑफरिंग्स जानने के लिए प्लेटफॉर्म पर आते हैं।

छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में दर्जनों एनएसयूआई कार्यकर्ता हुए शामिल

रायपुर(समय दर्शन)। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर एक बार फिर कांग्रेस पार्टी ने भाजपा को घेरते हुए एक बड़ा आंदोलन कर रही है जिसे छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का नाम दिया गया है, यह न्याय यात्रा गिरौदपुरी धाम से शुरू होकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन राजधानी रायपुर में समाप्त होगी। कांग्रेस की इस छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में शामिल होने एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में एनएसयूआई के 50 से अधिक कार्यकर्ता गिरौदपुरी पहुंचे कर इस न्याय यात्रा में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि भाजपा शासन में प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है, छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बनता जा रहा है और भाजपा सरकार कानून व्यवस्था सम्हालने में पूर्णता असफल साबित हुई है जिसका जीवंत उदाहरण बलौदा बाजार हिंसा कांड और गृहमंत्री विजय

शर्मा के गृह जिले कवर्धा के लोहरीगुड़ा जहां 3 हत्या हुई है महिलाओं, और पुरुषों को बेहरमी से पीटा गया, फिर प्रशांत साहू की मौत को मिर्गी की बीमारी बताकर छिपाने का प्रयास किया गया जो भाजपा सरकार की नाकामी को दर्शाता है । इसी के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा समानता एकता और भाईचारे का संदेश लेकर 125 किलोमीटर की छत्तीसगढ़ न्याय

संपादकीय

पांच नवंबर को जाहिर होगा

शुरुआत से ही बहस उन मुद्दों पर मुड़ गई, जिन पर अमेरिकी मतदाताओं के बीच गहरा विभाजन है। हैरिस ने खुद को प्रगतिशील उम्मीदवार के रूप में पेश किया। ट्रंप ने अपने समर्थकों को यह बताया कि वे नहीं जीते, तो अमेरिका का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दोनों प्रमुख उम्मीदवारों की बहस में कौन जीता, इस बारे में राय बंटी हुई है। लिबरल मीडिया पर नजर डालें, तो वहां इस पर लेकर शक नहीं है कि कमला हैरिस भारी पड़ीं। लेकिन कंजरवेटिव खेमे में उलटी प्रतिक्रिया देखने को मिली है। दोनों उम्मीदवारों ने बहस के लिए वे मुद्दे उठाए, जिन पर मतदाताओं के ध्रुवीकरण से उन्होंने उम्मीद जोड़ी हुई है। मसलन, हैरिस ने गर्भपात के अधिकार पर जोर दिया, तो ट्रंप ने गैर-कानूनी आव्रजकों से अमेरिका के लोगों को पैदा हुए कथित खतरों का जिक्र किया। फैक्ट चेकर्स ने ट्रंप के कई दावों को गलत साबित किया, लेकिन कंजरवेटिव खेमे में इससे उलटी प्रतिक्रिया हुई। वहां यह शिकायत देखी गई कि फैक्ट चेकर्स ने हैरिस के प्रति पक्षपात किया। उनके कथित गलत दावों की पोल उन्होंने लगे हाथ नहीं खोली। एक ध्रुवीकृत राजनीतिक माहौल में यही सबसे बड़ी मुश्किल होती है। उसमें हर मुद्दे पर प्रतिक्रिया बंटी हुई होती है। इसलिए यह कहना मुश्किल है कि ट्रंप अपने दावों और आक्रामक अंदाज से अपने समर्थकों के ध्रुवीकरण को किस हद तक मजबूत करने में सफल हुए। कमला हैरिस और डॉनल्ड ट्रंप इस बहस से पहले यह कभी नहीं मिले थे। तो बहस शुरू होने से पहले हैरिस ट्रंप के पास गईं और मिलाने के लिए अपना हाथ बढ़ाया। विश्लेषकों के मुताबिक इस कदम के साथ ही हैरिस ने बहस में बढ़त हासिल कर ली, क्योंकि चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप उनके रंग, नस्ल और लिंग को लेकर तीखी और कड़वी टिप्पणियां करते रहे हैं। शुरुआत से ही बहस उन मुद्दों पर मुड़ गई, जिन पर अमेरिकी मतदाताओं के बीच गहरा विभाजन है। हैरिस ने बहस के दौरान खुद को भविष्य की ओर देखने वाली एक प्रगतिशील उम्मीदवार के रूप में पेश किया। ट्रंप ने अपने मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के नारे को उठाया और अपने समर्थकों को यह बताया कि वे नहीं जीते, तो महाशक्ति के रूप अमेरिका का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। कुल मिलाकर दोनों उम्मीदवार अपनी ताकत पर खेले। इसका क्या असर हुआ, यह पांच नवंबर को ही जाहिर होगा।

गैस को हरित बनाने की प्रक्रिया के लाभ

आनंद कुमार झा

भारत सरकार संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) इकोसिस्टम के विकास के लिए बड़े कदम उठा रही है। इस क्षेत्र के लिए घोषित लक्ष्य है- प्रति वर्ष 15 एमएमटी सीबीजी का उत्पादन। यह पहल, मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन आधारित परिवहन प्रणाली के एक स्थायी विकल्प स्थापित करने के लिए शुरू की गई थी, लेकिन, संभावित लाभों की विस्तृत श्रृंखला अभी उभरनी शुरू हुई है। सीबीजी में भारत सरकार की नेट जीरो महत्वाकांक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता है। 15 एमएमटी सीबीजी, वर्ष 2030 तक सीजीडी क्षेत्र के सीएनजी (टी)/पीएनजी (डी) उपक्षेत्र में उपयोग की जाने वाली घरेलू प्राकृतिक गैस की सभी मांग को प्रभावी ढंग से प्रतिस्थापित कर सकता है। सीबीजी संयंत्रों में उत्पादित एफओएम के उपयोग से मिट्टी के कम हुए कार्बन स्तर को बहाल किया जा सकता है। किण्वित जैविक खाद (एफओएम) मुख्य रूप से मिट्टी में रासायनिक उर्वरक के नाइट्रोजन और फास्फोरस को बढ़ाते हुए कार्बन स्तर में वृद्धि करके रासायनिक उर्वरक के एक हिस्से को भी प्रतिस्थापित कर सकता है।

सरकार की एक पहल के रूप में शुरू हुआ यह कार्य, कई योजनाओं और शासनादेशों के साथ एक प्रमुख क्षेत्र बन गया है, जो पूरे परिदृश्य को प्रभावित कर रहा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बायोमास की खरीद तथा बायोमास एकत्रीकरण मशीनरी की खरीद के लिए वित्तीय सहायता, सीबीजी संयंत्रों और सीजीडी नेटवर्क के बीच पाइपलाइन को जोडने् के लिए वित्तीय सहायता और सीजीडी संस्थाओं के लिए अनिवार्य सीबीजी मिश्रण दायित्व की योजना की शुरुआत की है। उर्वरक विभाग ने एफओएम के लिए बाजार विकास सहायता की पेशकश की है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, केंद्रीय वित्तीय सहायता के माध्यम से इस क्षेत्र का समर्थन करता है। इसी तरह राज्य सरकारें भी रियायती पट्टे दरों पर भूमि, कच्चे माल की खरीद पर सब्सिडी, एकल खिड़की मंजूरी, भूमि आवंटन में प्राथमिकता, जैसे विभिन्न प्रोत्साहनों के माध्यम से इस क्षेत्र का समर्थन कर रही हैं।

हालांकि, इकोसिस्टम का राजस्व मॉडल अभी तक स्थिरता हासिल नहीं कर पाया है। सभी संभावित राजस्व स्रोत अभी तक अपनी पूरी क्षमता तक नहीं पहुंच पाये हैं। एफओएम, जो एक प्रमुख सह-उत्पाद है, से अभी तक राजस्व प्राप्त नहीं हो पा रहा है। कार्बन क्रेडिट व्यवस्था पूरी तरह से स्थापित नहीं है। इससे कार्बन क्रेडिट के उत्पादन और मुद्रीकरण के बारे में कुछ अनिश्चितता मौजूद है। सभी राजस्व स्रोतों का गैर-मुद्रीकरण भी उधार देने वाली एजेंसियों के लिए कुछ जोखिम पैदा करता है, जो अप्रत्यक्ष रूप से इस क्षेत्र के विकास को प्रभावित करता है। उत्पादित एफओएम के पूर्ण मुद्रीकरण की कमी के कारण संयंत्रों की व्यावहारिकता सुनिश्चित करने के लिए गैस पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। वर्तमान में, सीबीजी संयंत्रों से उत्पादित गैस को एकमात्र राजस्व अर्जित करने वाले स्रोत होने का बोझ उठाना पड़ता है। देश के कुछ क्षेत्रों में मांग से संबंधित कुछ मुद्दों के कारण, गैस का पूरा उठाव प्रभावित होता है। इससे सीबीजी संयंत्र का व्यावहारिक होना और पूरे क्षेत्र का विस्तार करना मुश्किल हो जाता है। गैस, एफओएम के साथ-साथ क्षेत्र के लिए उपलब्ध हरित विशेषताओं या कार्बन क्रेडिट से राजस्व उत्पन्न करना जरूरी है।

सीबीजी का उठाव सुनिश्चित करने पर सरकार के विशेष ध्यान के कारण कुल गैस की बिक्री, वित्त वर्ष 2022-23 के लगभग 12,000 टन से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 19,000 टन हो गई है। वित्त वर्ष 2024-25 के दो महीनों के उठाव के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि इस साल सीबीजी का उठाव दोगुने से अधिक हो जाएगा। हालांकि क्षेत्र में सीएनजी/पीएनजी की असमान मांग के कारण गैस के उठाव में चुनौतियां बनी हुई हैं। सरकार ने सीबीजी संयंत्रों और सीजीडी नेटवर्क के बीच पाइपलाइन को जोडने् की प्रक्रिया का समर्थन करने के लिए एक योजना की शुरुआत की है, ताकि संयंत्र द्वारा उत्पादित गैस का पूर्ण उठाव सुनिश्चित करने में मदद मिल सके। सीबीजी ग्रिड का विकास, क्षेत्र में सीएनजी/पीएनजी की कम मांग की समस्या पर ध्यान देगा। सीजीडी नेटवर्क के माध्यम से सीबीजी तक खुली पहुंच की अनुमति देना भी आवश्यक होगा, ताकि देश भर में वास्तविक मांग केंद्रों तक सीबीजी की आपूर्ति की जा सके। इसके अलावा, जर्मनी जैसे कुछ यूरोपीय देशों की तरह, प्रमुख पाइपलाइनों में सीबीजी की आपूर्ति से राष्ट्रीय गैस खपत वृद्धि में भी मदद मिलेगी।

सरकार ने उर्वरक विपणन कंपनियों द्वारा एफओएम की बिक्री पर एमडीए की घोषणा की है। यह, बदले में, सीबीजी उत्पादकों को दिया जाता है। हालांकि, उत्पादित एफओएम की दो अनूठी विशेषताओं के कारण यह योजना आगे नहीं बढ़ पाई है। सबसे पहले, हालांकि, एफओएम मिट्टी के लिए कार्बन का एक बड़ा स्रोत है, इसकी तुलनात्मक रूप से कम पोषक तत्व सामग्री, इसे किसानों को खरीद और बिक्री के सन्दर्भ में उर्वरक कंपनियों के लिए कम आकर्षक बनाती है। दूसरी विशेषता है, उत्पाद की नमी की मात्रा, जो भंडारण और परिवहन को थोड़ा मुश्किल बना देती है। इसके अलावा, किसानों के बीच अपने खेतों में कार्बन के इस समृद्ध स्रोत का उपयोग करने में उत्साह की भी कमी दिखाई पड़ती है।भारत और हरियाणा, पंजाब, यूपी, राजस्थान जैसे उत्तरी भारतीय राज्यों की मिट्टी में कार्बन की मात्रा बहुत कम है। यह मिट्टी की उत्पादकता बढ़ाने के लिए मिट्टी में डाले जा रहे रासायनिक उर्वरकों के नाइट्रोजन और फास्फोरस का पूरी तरह से उपयोग करने की मिट्टी की क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। मिट्टी को कृषि के लिए उपयुक्त बनाने तथा नाइट्रोजन और फास्फोरस के अवशोषण की शक्ति बढ़ाने के लिए मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ाना आवश्यक है। किसानों को प्रोत्साहित करके उन्हें इस प्रयास में हितधारक बनाना भी महत्वपूर्ण है। एफओएम के प्रभावी उठाव और खपत के लिए, यह इस रूप में मददगार हो सकता है कि सरकार मिट्टी में जमा हर टन जैविक कार्बन के लिए किसानों को बढ़ावा दे। सीबीजी उत्पादक, किसानों तक एफओएम पहुंचाने के लॉजिस्टिक्स हिस्से का ध्यान रख सकते हैं। फिर सीबीजी उत्पादकों द्वारा लॉजिस्टिक्स की लागत और एफओएम की लागत का मुद्रीकरण, उर्वरक कंपनियों को जैविक कार्बन पृथक्करण (ओसीएस) प्रमाणपत्रों की बिक्री के जरिये किया जा सकता है, जिन्हें किसानों को उर्वरक की मिश्रित बिक्री के माध्यम से नेट जीरो प्रतिबद्धताओं के लिए अनिवार्य किया गया हो। इससे न केवल मिट्टी में कार्बन की मात्रा कम होने से जुड़ी समस्या हल होगी तथा इस तरह उर्वरक सब्सिडी की आवश्यकता और बजट में कमी आएगी, बल्कि उत्पादित एफओएम का पूरी तरह से मुद्रीकरण करने में भी मदद मिलेगी और साथ ही उर्वरक क्षेत्र में उत्सर्जन में कमी का मुद्दा भी हल होगा। गैस के मामले में, सरकार सीजीडी संस्थाओं के लिए मिश्रण दायित्व लेकर आई है, जिसमें नवीकरणीय गैस प्रमाणपत्र (आरजीसी) जारी करने का प्रावधान भी शामिल है। यह नियामक को इन आरजीसी के प्रभावी मुद्रीकरण के लिए एक व्यवस्था तैयार करने का भी प्रावधान करता है। इसके साथ ही, भारत विश्व जैव ईंधन गठबंधन को आगे बढ़ाने के लिए भागीदार देशों के साथ काम कर रहा है। भारत में उत्पादित आरजीसी के लिए एक पारस्परिक मान्यता व्यवस्था, इन प्रमाणपत्रों के निर्यात और इसके मुद्रीकरण को सक्षम करने में, महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हालांकि, भारत से जैव ईंधन के निर्यात पर कुछ प्रतिबंध हैं, लेकिन यही बात जैव ईंधन से जुड़ी हरित विशेषताओं पर लागू नहीं होती। हरित विशेषताओं के लिए उपयुक्त मूल्य, गैस के हिस्से को अन्य गैसों- घरेलू गैस/एलएनजी, आदि जो बाजार में उपलब्ध हैं, के मुकाबले उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी रूप से बेचने में मदद करेगा। सीबीजी उद्योग के आसपास उपलब्ध होने के कारण, एलएनजी/आरएलएनजी की तुलना में, जिसमें उनके परिवहन की लंबाई पर परिवहन और कराधान लागत शामिल होते हैं, लॉजिस्टिक्स लागत भी बहुत कम होगी। अनिवार्य की गयी संस्थाएं भी सीबीजी खरीदने में संकोच नहीं करेंगी, क्योंकि इससे उनकी लॉजिस्टिक्स लागत में भी कमी आयेगी।

कश्मीर विधानसभा चुनाव में भाजपा

अजय दीक्षित

अगस्त 2019 को भाजपा की केन्द्रीय सरकार ने कश्मीर में धारा 370 और 35ए समाप्त करके जम्मू कश्मीर को केन्द्र शासित प्रदेश बना दिया था । लद्दाख को अलग से केन्द्र शासित प्रदेश बनाया गया । अब सितम्बर 2024 को हरियाणा के साथ जम्मू कश्मीर में भी चुनाव हो रहे हैं । अभी तक आठ केन्द्र शासित प्रदेशों में मात्र दिल्ली और पांडिचेरी में विधानसभाएं हैं । इस समय कश्मीर में मुकाबला नेशनल कान्फ्रेंस, पी.डी.पी. और भाजपा के बीच में हैं । कांग्रेस नेशनल कांफ्रेंस के साथ है । यूं गुलाम नबी आजाद की पार्टी भी मैदान में है, परन्तु उसके पास काडर नहीं है । इंजीनियर रशीद जेल में बंद है । उन्हें केजरीवाल की तर्ज पर कश्मीर में इलेक्शन लडने् के लिए कुछ दिनों के लिए छोड़ दिया गया है । लेण्ड आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा से इंजीनियर राशिद से सांठ-गांठ है । परन्तु भाजपा इससे इंकार करती है ।

अभी हाल में मोदी जी ने कश्मीर में भाषण देते हुये कश्मीर को लूटने में तीन लोगों का हाथ बतलाया । कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पी.डी.पी. । कांग्रेस तो बहुत समय से कश्मीर में सत्ता में है ही नहीं । नेशनल कॉन्फ्रेंस के अब्दुल्ला को अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी कैबिनेट में विदेश राज्य मंत्री बनाया था । पी.डी.पी. की मेहबूबा मुफ्ती के साथ तो भाजपा पिछले दिनों सरकार बना चुकी है । असल में भाजपा को जम्मू में भरोसा है । कश्मीर में पहले चरण के चुनाव में आठ सीटों पर तो भाजपा ने अपने उम्मीदवार ही नहीं उतारे हैं । असल में पिछले कुछ दिनों से भाजपा शासित राज्यों में जो हिन्दुत्व का मुद्दा उठ रहा है, उस कारण कश्मीर में भाजपा को मुस्लिम चेहरा ढूंढने में तकलीफ़ हो रही है । परन्तु चुनाव विश्लेषक बतलाते हैं कि इस बार कश्मीर में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी । परन्तु उसे इतनी सीटें नहीं मिलेंगी कि वह अपनी सरकार बना सके ।

इस बार कश्मीर में बहुत सी नई पार्टियां उभर आई हैं । बहुत से इंडिपेन्डेन्ट भी चुनाव लड़ रहे हैं । भाजपा को इन्हीं से उम्मीद है । कम से कम सात स्थानीय पार्टियां चुनाव लड़ रही हैं । लगभग 32 उम्मीदवार स्वतंत्र लड़ रहे हैं । भाजपा को उम्मीद है कि केन्द्र की तरह वह इन स्वतंत्र उम्मीदवारों और सात अलग-अलग पार्टियों की सपोर्ट से अपनी सरकार बना लेगी । परन्तु मुख्य प्रश्न यह है कि केन्द्र में भाजपा पिछले दस सालों से सत्तारूढ़ है । उसे केन्द्र में अन्य पार्टियों से ज्यादा सपोर्ट की आवश्यकता नहीं है । कश्मीर के मसले पर ऐसी बात नहीं होगी ।

कश्मीर की असली समस्या आज भी आतंकवाद है । पाकिस्तान से घुसपैठिए रोज ही कश्मीर में गोलीबारी करते हैं । पिछले पांच सालों में हजारों नहीं तो सैंकड़ों फौजी मारे जा चुके हैं । यह सही है कि कश्मीर में अब पर्यटन काफी बढ़ गया है । परन्तु देश भर में हो रहे मौसम के बदलाव के कारण कश्मीर में अब ए.सी. चलने लगे हैं, तो क्यों कोई कश्मीर जायेगा? एक दिक्कत और है । यदि कश्मीर में गैर भाजपा गठबंधन से सरकार बनती है तो उसकी स्थिति दिल्ली जैसी होगी, जहां सारे अधिकार एल.जी. के पास होंगे ।

यदि भाजपा की सरकार बनती है मिली जुली तो सारे अधिकार एल.जी. से छीनकर सरकार को दे दिये जायेंगे । वो फिर यह प्रश्न उठेगा कि दिल्ली के साथ भेद-भाव हो रहा है । असल में सुप्रीम कोर्ट का आदेश था कि कश्मीर में चुनाव करवाए जाएं, नहीं तो शायद केन्द्र की भाजपा सरकार अभी चुनाव टाल देगी । फिर लद्दाख में चुनाव क्यों नहीं? यह भी प्रश्न उठ रहा है । असल में भारत की राजनीति ने जो नई करवट ली है, वह भाजपा के लिए भी उतनी सरल नहीं है । उसको भी अग्नि परीक्षा देनी होगी ।

बयानबाजी से सदस्यता अभियान पर असर

देवदत्त दुबे

एक तरफ जहां सदस्यता अभियान के माध्यम से भाजपा अपना जनाधार बढ़ाने के लिए प्रयासरत है वहीं दूसरी ओर गुटबाजी के चलते भाजपा के नेता ही पार्टी की मुश्किलों को बढ़ा रहे हैं। बिना क्षेत्र में जिस तरह से भाजपा सांसद और विधायक के बीच बयानबाजी चल रही है उस पार्टी की क्षेत्र में किरकिरी हो रही है।

दरअसल, विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद प्रदेश में भाजपा सदस्यता अभियान के माध्यम से अपने जनाधार को बढ़ाने के लिए बेताब है उन बूथों पर भी भाजपा फोकस बनाए हुए हैं जहां उसे अब तक जीत हासिल नहीं हो पाई है। महिलाओं की सदस्यता बढने् पर भी जोर दिया जा रहा है। दूसरी तरफ प्रदेश में कुछ जगहों पर भाजपा नेता ही पार्टी के लिए मुश्किलें बढ़ाने वाले कम कर रहे हैं। पिछले दिनों सागर जिले के कोर ग्रुप के नेताओं की मुख्यमंत्री निवास पर बैठक हुई थी और जिसमें सभी से समाजसय बनाकर पार्टी का काम करने के लिए कहा गया था। चंबल और मालवा क्षेत्र में भी समझाइश दी जा चुकी है। अब विंध्य क्षेत्र क्षेत्र में भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा और भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी के बीच जिस तरह से बयानबाजी हो रही है। उससे पार्टी के न केवल सदस्यता अभियान पर असर पड़ रहा है वरन पार्टी की किरकिरी भी हो रही है। बहरहाल, सांसद जनार्दन मिश्रा ने जिस तरह से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी को लेकर जो बयान दिया है उसके बाद श्रीनिवास तिवारी के पोते और भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी भी सीधे तौर पर सामने आ गए सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि श्रीनिवास तिवारी के कार्यकाल में एक भी गड्ढा नहीं भरा गया लेकिन आज यदि सड़कों में एक गड्ढा हो जाए तो अखबारों में शिकायत आने लगती है यही नहीं उन्होंने यहां तक कहा कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीवास्तव तिवारी के समय लूट भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी होती थी सांसद मिश्रा के लगातार एक के बाद एक आ रहे बयानों के बाद श्रीनिवास तिवारी के पोते और भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी जिन्होंने 18 अक्टूबर 2023 को कांग्रेस छोड़कर बीजेपी ज्वाइन की थी अब भाजपा सांसद के खिलाफ मुखर हो गए हैं सिद्धार्थ तिवारी का साफ कहना है कि किसी व्यक्ति के दिवंगत होने के बाद उनके बारे में अभद्र टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण है उन्होंने कहा कि संसद का बयान निंदनीय है और उन्हें समझ नहीं आ रहा कि क्यों उन्हें टारगेट किया जा रहा है उन्होंने कहा कि अगर कोई नाराजगी है तो सीधे उनसे बात करनी चाहिए उन्होंने अपने दादा श्रीनिवास तिवारी के राजनीतिक जीवन और रीवा में किए गए कार्यों की प्रशंसा की और कहां की उन्होंने पार्टी फोरम में अपनी शिकायत दर्ज कराई है उन्होंने कहा कि उनके दादा ने अपने राजनीतिक जीवन के 75 साल जनता की सेवा में बताएं और उनकी उपलब्धियां की गवाही रीवा के लोग दे सकते हैं।

कुल मिलाकर विन्ध्य क्षेत्र में भाजपा नेताओं के बीच एक बार फिर से टकराहट बढ़ गई है इस क्षेत्र में भाजपा नेताओं की आपस में टकराहट कोई नई बात नहीं है केदार शुक्ला और रीति पाठक की टकराहट का अंत केदार शुक्ला की पार्टी से बगावत के बाद ही उपाय था। इसी तरह अभय मिश्रा भी पार्टी छोड़कर अब कांग्रेस के विधायक हैं ऐसे और भी उदाहरण है ऐसे में सांसद जनार्दन मिश्रा और विधायक सिद्धार्थ तिवारी के बीच जो बयान युद्ध शुरू हो गया है उसे पर यदि समय रहते पार्टी हाई कमान ने विराम नहीं लगाया तो फिर कोई बड़ी बगावत इस क्षेत्र में हो सकती है।

'मेक इन इंडिया' पहल के 10 साल आज पूरे हो गए!

नरेंद्र मोदी

आज आप में से प्रत्येक का अभिनंदन करने का शानदार अवसर है जिन्होंने इस पहल को अत?यंत सफल बनाया है। आप में से प्रत्येक व?यक्ति अग्रणी, दूरदर्शी और अन्वेषक है जिनके अथक प्रयासों से ही 'मेक इन इंडिया' की सफलता सुनिश्चित हुई है, और इस तरह से हमारा देश वैश्विक आकर्षण एवं जिज्ञासा का केंद्र बन गया है। इस अथ?क सामूहिक प्रयास से ही एक सपने ने एक अत?यंत प्रभावशाली आंदोलन या मुहिम का रूप ले लिया है।

'मेक इन इंडिया' का व?यापक प्रभाव यह दर्शाता है कि भारत की प्रगति थमने वाली नहीं है।

यह एक ऐसा अहम प्रयास था जो दस साल पहले इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ शुरू हुआ था- विनिर्माण में भारत की प्रगति को और तेज करना, और इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना कि हमारा जैसा प्रतिभाशाली राष्ट्र केवल आयातक ही नहीं, बल्कि निर्यातक भी बने।

पिछले एक दशक पर विचार करते समय मैं इस बात पर गर्व महसूस किए बिना नहीं रह सकता कि 140 करोड़ भारतीयों की अपार क्षमता और कौशल ने हमें कितना आगे बढ़ा दिया है। 'मेक इन इंडिया' की छाप सभी क्षेत्रों में दिखाई देने लगी है जिनमें वे क्षेत्र भी शामिल हैं जिनमें हमने अपनी अमिट छाप छोड़ने का सपना कभी भी नहीं देखा था।

मैं यहां एक-दो उदाहरण प्रस?तुत करता हूं।

मोबाइल का विनिर्माण... हम सभी यह जानते हैं कि मोबाइल फोन अब कितने अहम हो गए हैं, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि वर्ष 2014 में हमारे यहां पूरे देश में केवल दो मोबाइल विनिर्माण इकाइयां थीं। आज यह संख्या बढ़कर 200 से भी अधिक हो गई है। हमारे देश से मोबाइल निर्यात मात्र 1,556 करोड़ रुपये से ऊंची छलांग लगाकर 1.2 लाख करोड़ रुपये के आश्चर्यजनक आंकड़े को छूने लगा है - यह 7500त्न की आश्चर्यजनक वृद्धि को दर्शाता है! आज भारत में इस्तेमाल होने वाले 99त्न मोबाइल फोन सही मायनों में 'मेड इन इंडिया' हैं। हम पूरी दुनिया में दूसरे सबसे बड़े मोबाइल निर्माता बन गए हैं।

हमारे इस्पात उद्योग पर एक नजर डालें तो हम विशुद्ध रूप से तैयार स्टील के निर्यातक बन गए हैं, जिसका कुल उत्पादन वर्ष 2014 से लेकर अब तक 50त्न से भी अधिक बढ़ गया है।

हमारा सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र 1.5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का निवेश आकर्षित करने में सफल रहा है, जिसमें पांच संयंत्रों को मंजूरी दी गई है जिनकी संयुक्त क्षमता प्रतिदिन 7 करोड़ से भी अधिक चिप्स की होगी!

नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हम पूरी दुनिया में चौथे सबसे बड़े उत्पादक देश हैं जिसमें कुल क्षमता केवल एक दशक में 400त्न बढ़ गई है।

हमारा इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग जोरदार उछाल के साथ 3 अरब डॉलर का हो गया है, जो वर्ष 2014 में तो एक तरह से अस्तित्व में ही नहीं था।

रक्षा उत्पादों का निर्यात मात्र 1,000 करोड़ रुपये से ऊंची छलांग लगाकर 21,000 करोड़ रुपये हो गया है, जो अब तो 85 से भी अधिक देशों में पहुंच गया है।

'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान, मैंने एक जीवंत खिलौना उद्योग की आवश्यकता के बारे में बात की थी और हमारे लोगों ने दिखाया कि यह कैसे किया जाता है! पिछले कुछ वर्षों में, हमने निर्यात में जहां 239त्न की वृद्धि देखी है, वहीं, आयात आधे से भी कम हो गया है, जिसका विशेष रूप से हमारे स्थानीय विनिर्माताओं और विक्रेताओं को लाभ हुआ है, छोटे बच्चों का तो कहना ही क्या! :)

आज के भारत के कई प्रतीक - हमारी वंदे भारत ट्रेनें, ब्रह्मोस मिसाइलें और हमारे हाथों में मोबाइल फोन - सभी पर गर्व के साथ मेक इन इंडिया लेबल नजर आता है। इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर अंतरिक्ष क्षेत्र तक, इससे भारतीय प्रतिभा और गुणवत्ता का पता चलता है।

मेक इन इंडिया पहल इसलिए भी खास है क्योंकि इसने गरीबों को बड़े सपने देखने और आकांक्षाएं के लिए पंख दिए हैं- इसने उन्हें यह विश्वास दिलाया है कि वे वेल्थ क्रिएटर बन सकते हैं। एमएसएमई क्षेत्र पर इसका प्रभाव भी उतना ही उल्लेखनीय है।

एक सरकार के रूप में, हम इस भावना को और भी मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा एक दशक लंबा ट्रैक रिकॉर्ड अपने आप में बहुत कुछ बोलता है। उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं गेम चेंजर रही हैं, जिससे हजारों करोड़ रुपये का निवेश संभव हुआ है और लाखों नौकरियां पैदा हुई हैं। हमने व्यापार को आसान बनाने के लिए भी खासे प्रयास किए हैं।

आज भारत के पक्ष में बहुत कुछ चल रहा है- हम लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और मांग का सही मिश्रण हैं। हमारे पास वो सब कुछ है जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने के लिए आवश्यक हैं और जिन्हें व्यापार के लिए एक विश्वसनीय भागीदार में देखा जाता है। हमारे पास सबसे शानदार युवा शक्ति भी है, जिसके स्टार्टअप की सफलता सभी के सामने है।इस प्रकार, माहौल स्पष्ट रूप से भारत के पक्ष में है। वैश्विक महामारी जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, भारत मजबूती से विकास की राह पर बना हुआ है। आज, हमें वैश्विक विकास के नेतृत्व करने वाले के रूप में देखा जा रहा है। मैं अपने युवा मित्रों से आह्वान करता हूं कि वे आएं और मेक इन इंडिया को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में हमारा साथ दें। हम सभी को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना चाहिए। गुणवत्ता प्रदान करना हमारी प्रतिबद्धता होनी चाहिए। जीरो डिफेक्ट हमारा मंत्र होना चाहिए।

हम मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण कर सकते हैं जो न केवल अपनी आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि विश्व के लिए विनिर्माण और नवाचार का केंद्र भी बनेगा।

करण जौहर के भुगतान में कटौती की बात पर सैफ ने दी प्रतिक्रिया

बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक और निर्माता करण जौहर ने हाल ही में सितारों की मनमानी फीस की मांग को लेकर खुलकर बोला है। करण ने हाल के वर्षों में पुरुष फिल्म सितारों के बारे में अक्सर बात की है कि वे अपनी खुद की बैंकेबिलिटी को लेकर बहुत ज्यादा उत्साहित हैं और अपने ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए ऐसी रकम की मांग कर रहे हैं जिसके वे हकदार नहीं हैं। अब अभिनेता सैफ अली खान को भी इस मुद्दे पर सहयोग मिला है। आइए जानते हैं सैफ ने इसे लेकर क्या कहा?

क्या कहा था करण जौहर ने?

बातचीत में करण जौहर ने ने कहा था कि वह अब कलाकारों की मांगों के आगे नहीं झुकते। निर्देशक ने कहा, 'मैं अब ऐसा नहीं करता। मैंने 'किल' नाम की एक छोटी फिल्म बनाई, मैंने उस पर पैसा खर्च किया, क्योंकि यह एक नए कलाकार के साथ एक अच्छी फिल्म थी। करण ने कहा हम जिस भी स्टार के पास गए, उन्होंने मुझसे बजट के बराबर ही पैसे मांगे। जब बजट 40 करोड़ रुपये है, तो आप 40 करोड़ रुपये कैसे मांग सकते हैं? क्या आप मुझे गारंटी दे रहे हैं कि फिल्म 120 करोड़ रुपये कमाएगी? एक साक्षात्कार के दौरान सैफ अली खान ने मजाक में कहा कि उन्हें करण की हाल ही में की गई घोषणा के विरोध में एक यूनियन शुरू करना चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा था कि अब वह सितारों को उनकी मांग के अनुसार भुगतान नहीं करेंगे, जब तक कि उन्हें यह न लगे कि यह राशि उचित है। सैफ ने बातचीत के दौरान कहा कि वह कभी भी उन सितारों की श्रेणी में नहीं रहे हैं, जो बहुत अधिक राशि की मांग करते हैं और उन्होंने खुद को मंदी प्रूफ बताया।

एक साक्षात्कार में सैफ से जब करण की हालिया टिप्पणियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने हंसते हुए कहा, 'करण पे-चेक में कटौती करना चाहते हैं, मुझे यकीन नहीं है कि मुझे इस पर अपना खुद का यूनियन बनाना चाहिए या नहीं। मुझे यकीन है कि वह सही हैं, लेकिन जब हम पे-चेक में कटौती की बात करते हैं तो यह मुझे थोड़ा परेशान करता है। पे-चेक में कटौती नहीं।' करण का तर्क है कि आजकल ज्यादातर बड़े सितारे बड़ी ओपनिंग की गारंटी नहीं दे सकते हैं। हाल के महीनों में अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे सितारों की फिल्में 5 करोड़ रुपये से कम की ओपनिंग पर आई हैं। करण ने कहा था कि जिन सितारों से उन्होंने फिल्म 'किल' के लिए संपर्क किया था, वह 40 करोड़ रुपये तक की मांग कर रहे थे, जबकि पूरी फिल्म का बजट ही इतना था।

कृति सेनन की दो पत्ती की रिलीज पर आया अपडेट

अभिनेत्री काजोल और कृति सेनन जल्द ही एक साथ स्क्रीन शेयर करने जा रही हैं। दोनों अभिनेत्रियां फिल्म दिलवाले में साथ नजर आईं थी, इस फिल्म के नौ साल बाद वह दोनों फिर एक साथ एक पर्दे पर दिखाई देंगी। दोनों की फिल्म दो पत्ती अक्तूबर के आखिरी सप्ताह में रिलीज होगी।

दो पत्ती में नजर आएंगी कृति सेनन

अभिनेत्री कृति सेनन इस साल करू और तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आई थी। अब वह ओटीटी पर शशांक चतुर्वेदी की दो पत्ती में नजर आने वाली हैं। खबरों की मानें तो फिल्म के मेकर्स काफी समय से चल रही इस फिल्म को अक्तूबर के आखिरी सप्ताह में रिलीज कर सकते हैं।

पिछले साल रिलीज की हुई थी घोषणा

दो पत्ती पिछले साल 2023 दिसंबर में रिलीज किए जाने की घोषणा मेकर्स ने की थी। इस पोस्टर में काजोल, कृति सेनन को पोस्ट में देखा गया था। दो पत्ती टीजर में कृति सेनन एक कॉप के किरदार में नजर आ रही हैं। काजोल ने पहली बार किसी फिल्म में कॉप का किरदार निभाया है।

काजोल के लिए कृति ने कही थी ये बात

फिल्म दो पत्ती की शूटिंग पूरी होने का एक वीडियो कृति सेनन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया। उन्होंने काजोल के लिए कहा कि आपके साथ फिर से काम करने का मौका मुझे मिला, मैं इसके लिए खुद को बहुत ही खुशनसीब मानती हूं। आप इस दुनिया में बहुत ही सरल और सहज स्वभाव की महिला हैं। आपने मुझे अपना सबसे अच्छा काम करने में बहुत मदद की है, उसके लिए धन्यवाद।

कृति सेनन को चुनौतीपूर्ण लगा किरदार

दो पत्ती में कृति सेनन को अपना किरदार काफी चुनौती पूर्ण लगा था। एक बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, दो पत्ती में आपको बहुत सारा ग्राफ, इमोशन, ड्रामा और रहस्य दिखाई देने वाला है। इस फिल्म में काम करना थोड़ा चुनौती पूर्ण रहा। हालांकि, टीम के सहयोग से हम इसे पूरा कर पाए।

पलक सिधवानी ने तारक मेहता का उल्टा चश्मा को कहा अलविदा

लोकप्रिय टीवी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा में सोनू भिड़े के रूप में नजर आने वालीं अभिनेत्री पलक सिधवानी ने एक आधिकारिक बयान जारी कर निर्माताओं पर उनका शोषण करने का आरोप लगाया है। उनका यह बयान प्रोडक्शन से कानूनी नोटिस मिलने के बाद आया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उन्होंने अपने शुरुआती अनुबंध का उल्लंघन किया है। मीडिया को दिए अपने बयान में, पलक सिधवानी ने निर्माताओं के आरोपों से इनकार किया। साथ ही यह आरोप लगाया कि वह बेहद सौहार्दपूर्ण तरीके से इस्तीफा दे रही थीं लेकिन निर्माताओं को ये बात अच्छी नहीं लगी। अपने कानूनी नोटिस में, नीला फिल्म्स ने पलक पर अपने अनुबंध में महत्वपूर्ण धाराओं का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। नोटिस में आगे कहा गया है कि अभिनेत्री ने कई मौखिक और लिखित चेतावनियों के बावजूद अपनी हरकतें जारी रखीं। इससे शो और सोनू भिड़े के किरदार को काफी नुकसान पहुंचा।

हालांकि, पलक ने उल्लेख किया कि उन्होंने पांच साल पहले उक्त अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे और निर्माताओं को उनके सोशल मीडिया समर्थन करने के बारे में पता था। आधिकारिक बयान में कहा गया है, तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम पलक सिंधवानी, जो सोनू का किरदार निभाती हैं, उन्होंने निर्माताओं द्वारा मानसिक उत्पीड़न और लगातार दुर्व्यवहार का हवाला देते हुए शो छोड़ दिया है। उन्होंने अनुबंध के उल्लंघन के आरोपों से भी इनकार किया है। उन्होंने कहा कि अब जब उन्होंने शो छोड़ दिया है तो निर्माता उन्हें परेशान करने के लिए मुद्दे पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। पलक ने आगे कहा कि उन्हें अपने अनुबंध की कॉपी सालों बाद मिली है। अभिनेत्री ने साझा किया कि उन्होंने कोविड काल के दौरान ब्रांड एंडोर्समेंट करना शुरू कर दिया था लेकिन समस्याएं उनके इस्तीफा देने के बाद आईं।

26 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने 8 अगस्त को शो छोड़ने के अपने फैसले के बारे में प्रोडक्शन को बताया था, लेकिन निर्माताओं ने इस पर ध्यान नहीं दिया और उन्हें अपने आधिकारिक ईमेल का इंतजार करने के लिए कहा।

वकील के किरदार में नजर आएंगी अदा शर्मा

अभिनेत्री अदा शर्मा अपने नए सीरीज शो रीता सान्याल में नजर आने वाली हैं। इस शो में अदा को सान्याल के रूप में आप एक वकील और जासूस की भूमिका में देखा जाएगा। यह सीरीज कानून और न्याय पर आधारित है। सीरीज को डिजनी प्लस हॉटस्टार पर 14 अक्टूबर से देखा जा सकता है। सीरीज को दर्शक मोबाइल पर फ्री में स्ट्रीम कर सकते हैं। सीरीज को लेकर बातचीत के दौरान अभिनेत्री अदा शर्मा ने कहा कि मैं हमेशा से ऐसा रोल निभाना चाहती थी। मैं जैसा किरदार चाहती थी, वैसा ही किरदार मुझे मिला है। इस किरदार में काफी कुछ मेरे जैसा है- कुछ सराहनीय, कुछ डरावना, कुछ प्यारा। जब मैंने इस सीरीज की स्क्रिप्ट को सुना तो मुझे पता था कि यह शो मेरे लिए ही है। एक अभिनेता के तौर पर हमें अलग-अलग किरदार निभाने होते हैं। एक साथ एक शो में मुझे 10 लोगों की भूमिका निभाने का मौका मिला है। यह एक ऐसी लड़की की कहानी है, जो एक वकील और जासूस के तौर पर अपना नाम बड़ा करने की कोशिश करती है। सान्याल एक ऐसी लड़की है जिसे कॉमिक बुक पढ़ना पसंद है। यह एक ऐसी कहानी है जो शायद ही आपने पहले देखी, सुनी या पढ़ी हो।

राजेश्वरी नायर और कृष्णन अय्यर के प्रोडक्शन में बनी इस सीरीज को अभिरूप घोष ने निर्देशित किया है। सीरीज के लेखक अमित खान हैं। शो की प्रोड्यूसर राजेश्वरी नायर ने कहा, रीता सान्याल थ्रिलर, भावनात्मक और साजिशों पर आधारित सीरीज है। मुझे स्टोरी सुनना पसंद है, ये वाकई कुछ ऐसी ही है। अदा शर्मा ने इस सीरीज में शानदार किरदार निभाया है।

देव आनंद की वजह से मैं फिल्मी दुनिया में आया

पिछली बार स्ट्रीमिंग फिल्म 'मस्त में रहने का' में नजर आने वाले अभिनेता जैकी श्रॉफ ने दिवंगत अभिनेता देव आनंद को उनकी जयंती पर याद किया। जैकी श्रॉफ ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन में सिनेमा के दिग्गज को याद करते हुए एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने वीडियो पर लिखा, देव साहब के आशीर्वाद से, मैं फिल्मी दुनिया में आया। जिन्हें नहीं पता उन्हें बता दें कि जैकी श्रॉफ ने देव आनंद की 1982 की फिल्म स्वामी दादा से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। देव आनंद से पहली मुलाकात में उन्हें सेकेंड लीड रोल ऑफर किया गया था, लेकिन 15 दिन बाद देव आनंद ने अपना मन बदल लिया और मिथुन चक्रवर्ती को यह रोल दे दिया। जैकी को शक्ति कपूर के एक गुर्गे के रूप में एक बिना श्रेय वाली भूमिका में कास्ट किया गया था। इससे पहले जैकी एक ट्रैवल एजेंट के रूप में काम करते थे और एक विज्ञापन कंपनी में भी काम करते थे। विज्ञापन में उनके कार्यकाल ने उन्हें मॉडलिंग असाइनमेंट दिया और इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, उन्हें स्वामी दादा में कास्ट कर लिया गया। हालांकि यह सुभाष घई निर्देशित हीरो थी जिसमें जैकी श्रॉफ ने प्रशंसा हासिल की और 1980 के दशक में वह एक बड़े स्टार बन गए। उन्होंने 'तेरी मेहरबानियां', 'त्रिदेव', 'परिंदा', 'कर्मा' और अन्य फिल्मों में अभिनय किया।

बिग बी और रजनीकांत संग काम करना सौभाग्य की बात

तमिल एक्शन ड्रामा वेट्टैयान में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत के साथ सिल्वर स्क्रीन शेयर करने को तैयार हैं स्टार राणा दग्गुबाती। उन्होंने कहा कि उत्सुकता तो है लेकिन घबराहट भी महसूस कर रहा हूं। आइफा के दौरान बातचीत में राणा ने कहा, बच्चन और रजनीकांत सर जैसे दिग्गजों के साथ काम करना किसी बेहतरीन अवसर से कम नहीं है, जो मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मगर इन सबसे बढ़कर यह मेरे लिए बेहद रोमांचक पल है। यह मेरे लिए सीखने और समझने का मौका है कि कला के उच्च स्तर तक पहुंचने के लिए क्या करना पड़ता है। इस फिल्म में इतने बेहतरीन कलाकार हैं, जिसमें से फहाद फासिल भी एक हैं, क्या वह इस बात से सहमत हैं कि यह ब्लॉकबस्टर होगी? मैं बेहद उत्साहित हूं और हां, उत्सुकता साफतौर पर देखी जा सकती है। फिल्म में बेहद प्रतिभाशाली लोगों का समूह है और यह अपने आप में बेहद खास होगी। लेकिन यहां सबसे ज्यादा मायने दर्शकों का फैसला रखता है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे उसी जोश के साथ अपनाएंगे, जिसके साथ हमने इसे अपनाया है। पिछले कुछ सालों में केजीएफ, बाहुबली और पुष्पा जैसी पैन इंडिया फिल्मों ने न केवल रिकॉर्ड तोड़े हैं, बल्कि बॉक्स-ऑफिस को भी नया आकार दिया है, जिससे हिंदी फिल्मों को कड़ी टक्कर मिली है। भारतीय दर्शकों को लुभाने के साथ-साथ, पैन इंडिया फिल्मों ने साबित कर दिया है कि क्षेत्रीय कहानी कहने की कला बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुंच सकती है। पैन इंडिया फिल्मों को इतना लोकप्रिय बनाने के बारे में बात करते हुए, 39 वर्षीय स्टार ने कहा, सिनेमा यूनिवर्सल है, हम सिर्फ भाषाओं के आधार पर ही अलग हैं, लेकिन दर्शकों के लिए यह एक भावना, एक उत्साह और एक ही कहानी है। जब आप दिलों को छू लेनी वाली कहानी सुनाते हैं तो भाषा और क्षेत्र मायने नहीं रखते। उन्होंने कहा, यह सिर्फ पुरस्कार देने के बारे में नहीं है, यह कहानियों को शेयर करने के बारे में है, उस जुनून की खोज के बारे में है जो सिनेमा को वास्तव में एक अविश्वसनीय माध्यम बनाता है और जिसे हम सभी प्यार करते हैं। इसके साथ ही ये इसे साकार करने वालों की प्रतिभा का जश्न है। मैं चाहता हूं कि दर्शक महसूस करें कि वे भी इस उत्सव का हिस्सा हैं। वह मेजबानी को एक एडवेंचर की तरह देखते हैं। कहते हैं, यह दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ ही अपनी हाजिर जवाबी से उनका ध्यान आकर्षित करने की चुनौती है। यह मुझे हमेशा तैयार रखता है। मुझे दर्शकों के साथ बातचीत, तुरंत कनेक्शन पसंद है इससे पूरा आयोजन खास बन जाता है।

अलाना पांडे की डेब्यू सीरीज द ट्राइब का ट्रेलर रिलीज

एक और स्टारकिड इंडस्ट्री में कदम रखने को तैयार है। दांव लगाया है अक्सर ही नेपोटिज्म के आरोपों से घिरे रहने वाले करण जौहर ने। बात हो रही है अनन्या पांडे की चचेरी बहन अलाना पांडे की। वे द ट्राइब सीरीज से डेब्यू करने जा रही हैं। इस सीरीज का आज ट्रेलर जारी किया गया है। मालूम हो कि अनन्या पांडे को भी स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से करण जौहर ने ही लॉन्च किया था। अब अलाना भी उन्हीं की ऑरिजनल सीरीज से इंडस्ट्री में आ रही हैं। अलाना पांडे सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। द ट्राइब सीरीज के जरिए वे एक्टिंग की दुनिया में आगाज कर रही हैं। इस वेब सीरीज का निर्देशन ओमकार पोतदार ने किया है। करण जौहर इसके निर्माता हैं। यह सीरीज 4 अक्तूबर को रिलीज होगी।

संक्षिप्त समाचार

मोटोरोला के सबसे ज़्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन Flipkart पर द बिग बिलियन डेज़ सेल 2024 में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे

नईदिल्ली। मोबाइल तकनीक और नवाचार में अग्रणी, मोटोरोला ने हाल ही में फ्लिपकार्ट की द बिग बिलियन डेज़ सेल से पहले अपने सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोनों पर त्यौहारी छूट की घोषणा की है और नए रंगों के वेरिएंट पेश किए हैं। मोटोरोला ने अपने Hello Colours, Hello AI अभियान के तहत इन नए रंगों को पेश किया है, जिसमें इसके प्रीमियम, स्टाइलिश और जीवंत स्मार्टफोनों के अद्वितीय डिज़ाइन और रंग शामिल है। नए रंगों के वेरिएंट मोटोरोला edge50 Pro, मोटोरोला edge50 Fusion, मोटोरोला edge50 Neo, moto g85 5G और moto g64 5G के लिए है, और Flipkart.com पर बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। ये उत्पाद 26 सितंबर से प्रारंभिक ग्राहकों के लिए और 27 सितंबर से द बिग बिलियन डेज़ सेल के दौरान सभी ग्राहकों के लिए विशेष रूप से फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होंगे। सबसे बड़ी बिग बिलियन डेज़ सेल डील की शुरुआत एक प्रीमियम स्मार्टफोन से की जा रही है, जिसमें मोटोरोला edge50 Pro (12+256GB वेरिएंट, 125W चार्जर बॉक्स में) शामिल है, यह स्मार्टफोन जो 35,999 रुपये में मिलता है, अब केवल 27,999 रुपये*(बैंक ऑफर्स सहित) की प्रभावी कीमत पर खरीदा जा सकता है, जो इसे बिग बिलियन डेज़ में प्रीमियम स्मार्टफोन पर सबसे अविश्वसनीय डील बनाती है।

India ने इस फेस्टिव सीजन को ख़ास बनाने के लिए पेश किया Reno12 Pro Manish Malhotra लिमिटेड एडिशन

नईदिल्ली। OPPO India ने OPPO Reno12 Pro 5G Manish Malhotra लिमिटेड एडिशन लॉन्च किया है, जो भारत की समृद्ध संस्कृति और परंपरा को समर्पित है। मनीष मल्होत्रा के प्रतिष्ठित वर्ल्ड कलेक्शन से प्रेरित, यह स्पेशल एडिशन काले रंग के बैक पैनल में फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी और गोल्डन कलर की नक्काशी के साथ भारतीय डिज़ाईन की भव्यता और विरासत प्रदर्शित करता है। इसमें OPPO के इनोवेटिव मटेरियल डिज़ाईन और मल्होत्रा के सिग्नेचर मोटिफ्स की मदद से भारत में त्योहारों का उत्साह लग्ज़री और क्राफ्ट्समैनशिप के साथ पेश किया गया है। इस स्मार्टफोन का ग्राफिक्स भारत में कला की समृद्ध परंपरा, विशेषकर मुगल कला के फ्लोरल मोटिफ्स और राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश की जटिल एम्ब्रॉयडरी तकनीकों की ओर ध्यान आकर्षित करता है। ब्लैक और गोल्ड कलर पैलेट में इसके पैटर्न ज़रदौजी और पारसी गारा एम्ब्रॉयडरी से प्रेरित हैं, जो भारत में त्योहारों के सौंदर्य, उत्तमता और समृद्धि का प्रतिनिधित्व करते हैं। जहाँ ब्लैक कलर से कालातीत सौंदर्य और बहुउपयोगिता प्रदर्शित होते हैं, वहीं गोल्ड कलर लग्ज़री और वैभव का प्रतीक है, जिससे भव्यता और हर्षोल्लास का प्रदर्शन होता है।

सैमसंग इंडिया ने दुनिया के पहले एआई-पावर्ड टैबलेट्स - गैलेक्सी टैब S10+ और टैब S10 अल्ट्रा लॉन्च किए

गुरुग्राम: भारत के अग्रणी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांडसैमसंगने आजगैलेक्सी टैब S10+ औरटैब S10 अल्ट्रालॉन्च किया। ये दोनों टैबलेट्स अपने अत्याधुनिकएआई फीचर्सके साथ टैबलेट के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करते हैं। दुनिया के पहलेएआई-पावर्ड टैबलेट्स, गैलेक्सी टैब S10+ और S10 अल्ट्रामें कई नए इनोवेशन हैं। इनमेंशानदार परफॉर्मेंस, बेहतर क्रिएटिव टूल्स, औरउत्पादकता और रचनात्मकताको बढ़ाने के लिए खासतौर पर डिजाइन किए गएगैलेक्सी एआई फीचर्सशामिल हैं। चाहे आप एक प्रोफेशनल हों जो अपनीउत्पादकताबढ़ाना चाहते हैं, या एक क्रिएटर जो अपने काम को और बेहतर बनाना चाहते हैं, ये दोनों टैबलेट्स आपकी उम्मीदों से कहीं ज्यादा देने के लिए तैयार हैं। गैलेक्सी टैब S10+ और S10 अल्ट्रादोनों में बेहतरीनडायनैमिक एमोलेड 2X डिस्प्लेदिया गया है, जो शानदार विजुअल्स और मनोरंजन का अनुभव प्रदान करता है। इनके साथएंटी-रिफ्लेक्टिव कोटिंगभी है, जिससे तेज रोशनी में भी देखने का अनुभव शानदार रहता है। गैलेक्सी टैब S10 अल्ट्रामें 14.6 इंच का बड़ा डिस्प्ले है, जो इसे खास बनाता है। और इसके साथ हीडुअल 12-मेगापिक्सल सेल्फी कैमरा और डुअल रियर कैमरा (13MP मुख्य और 8MP अल्ट्रावाइड) इसे फोटोग्राफी और वीडियो कॉल्सके लिए एक बेहतरीन विकल्प बनाते हैं।

लोकल बिल्हा में कार्यवाही से क्यों पीछे हटते हैं खंड चिकित्सा अधिकारी

बिलासपुर (समय दर्शन)। बिल्हा को छत्तीसगढ़ का ही नहीं एशिया का सबसे बड़ा विकासखंड कहा जाता है। पर यहां स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एमबीबीएस और झोलाछाप डॉक्टर अपनी लापरवाही को लेकर एक ही श्रेणी में रखे जाएंगे और ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी का रवैया उनके प्रति झोलझाल वाला है।

शुक्रवार के दिन पोड़ी के एक झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक को खंड चिकित्सा अधिकारी ने सील किया और सा दल बल खूब फोटो खींचवाई। अपने कार्यालय से दूर चल रहे फर्जी क्लीनीक उन्हें दिखाई देते हैं। कार्यवाही का दाम भी भरते हैं पर बिल्हा खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से महज 15 मिनट की पैदल दूरी पर चल रहे फोटोकॉपी दुकान का फर्जी डॉक्टर उन्हें दिखाई नहीं देता। इसे निकट दृष्टि दोष या दूर दृष्टि दोष किस श्रेणी में रखा जाए।

सुबह कथित फोटो कॉपी/फर्जी क्लीनिक शुरू हो जाता है। सोनामधन्य डॉक्टर महोदय बातचीत के साथ-साथ अपना मूल व्यवसाय जिसकी उन्हें इजाजत ही नहीं है धल्ले से करते हैं। मैं अपने समाज का महामंत्री हूं मेरी पत्नी भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की पदाधिकारी है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष कल ही मेरे घर से बैठ कर गए, सामने जो नक्शा लगा है

इसमें चिन्हित गांव का विधायक है वो मैं यूं ही इस काम को नहीं कर रहा वगैरा-वगैरा फर्जी डॉक्टर की पूरी बातों का यह सार था कि वह समाज का और सत्ताधारी दल के लिए बेहद महत्वपूर्ण व्यक्ति है। इसलिए उसे नियम विरुद्ध चिकित्सा व्यवसाय करने का अधिकार है।

अब नंबर एमबीबीएस डॉक्टर का इसका क्लीनिक तो मुख्य मार्ग पर स्थित है डॉक्टर का नाम थवाईत है। क्लीनिक के भीतर दो नर्स ड्यूटी रत है और उन्होंने बताया कि अभी डॉक्टर साहब शासकीय अस्पताल में कमरा नंबर 105 में है। इंतजार करिए बुला देते हैं। क्लीनिक के बाहर उपयोग की गई दवाइयां और इंजेक्शन खुले में पड़े थे। जो कि नियमों का खुल्लम-खुल्ला मजाक है। बिल्हा में खंड चिकित्सा अधिकारी कोई भी हो अस्पताल में सरकारी नौकरी करने वाले चिकित्सकों का निजी प्रैक्टिस खुले आम होता है। वह भी ड्यूटी टाइम में, यदि पति-पत्नी दोनों शासकीय चिकित्सक हैं कई बार तो मां बेटी भी चिकित्सक हैं। तो एक दूसरे के प्रिपकप्शन पर जांच भी लिख दी जाती है। ऐसा विशेष कर तब होता है जब मरीज का विशेष डॉक्टर सरकारी ड्यूटी पर है और उसका रिश्तेदार क्लीनिक पर है। जिसका सीधा अर्थ है कि पेशेंट को पति पत्नी या मां बेटी चिकित्सक दोनों जानते हैं। और ऐसा मानते हैं कि घी (फीस) तो खिचड़ी में ही आएगा।

बिल्हा शहर के अंदर संचालित फर्जी क्लीनिक और पैथोलैब की शिकायत एक से अधिक बार खंड चिकित्सा अधिकारी को की गई है। पर खंड चिकित्सा अधिकारी महोदय कार्यवाही के पहले की जाने वाली लंबी सूची एसडीएम या उनके द्वारा नियुक्त किया गया अधिकारी का लिखित आदेश, पुलिस बल की उपलब्धता संबंधित थाना क्षेत्र जैसी आवश्यक प्रक्रिया को बताते हुए मजबूरी साझा करते हैं। दबी जवान में लोग यह कहते हैं कि फर्जी क्लीनिक का धंधा सरकारी कर्मचारियों की मिली भगत से ही चलता है और सबसे बड़ी बात तो यह है कि बिल्हा के अंदर चलने वाली पैथोलैब में कोई पैथोलॉजिस्ट नहीं है। और सब टैक्स रीडिंग पर हस्ताक्षर बिलासपुर से डिजिटल हो जाता है।

विधायक चातुरी नंद के आतिथ्य में गांड़ा समाज ने धूमधाम से मनाया नुवाखाई

विधायक के नेतृत्व में निकाली गई रैली

शंकर लहरे / सरायपाली (समय दर्शन)। छत्तीसगढ़ गांड़ा समाज द्वारा सरायपाली में धूमधाम से नुवाखाई मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद शामिल हुईं।

गांड़ा समाज द्वारा रैली के रूप में नगर का भ्रमण किया गया। रैली में जय स्तंभ चौक में विधायक चातुरी नंद के पहुंचने पर बाजे गाजे के साथ स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि समाज की एकजुटता का ही पहचान है कि आज एक मजदूर की बेटी सरायपाली की विधायक है। समाज आज संगठित होकर आगे बढ़ रहा है जिसमें हर वर्ग का बड़ा योगदान है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को

नुवाखाई की बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम को पूर्व विधायक रामलाल चौहान, अजा आयोग के पूर्व सदस्य पुनीत राम चौहान समेत अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में बच्चों की आकर्षक प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ नागरिकों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कृष्णा चौहान प्रेमलाल चौहान उदय लाल चौहान, चंपत लाल चौहान, पुष्पलता चौहान, राखी चौहान, जगदीश चौहान, केंवरा चौहान लक्ष्मी चौहान कैलाशो चौहान बिशिकेशन बाघ राघुलाल बाघ रामलाल चौहान गौतम चौहान, प्रमोद ग्वाल, परशु चौहान, कृष्णा चौहान, सुबोध गर्डिया, मनराखन सोनवानी, उसत लाल चौहान, सुखीराम चौहान, ओमप्रकाश चौहान, विशिकेशन बाघ, रघु बाघ, प्रमोद सागर, प्रेम चौहान, कुशल सिंह चौहान, आनंद राम चौहान, फगुराम चौहान, दयाराम चौहान, बिरंची बेताल, सुरेश नाग सुंदर चौहान चमरा दीप घुराऊ चौहान, ईश्वर चौहान, हेमचंद हंसा, कैलाश तांडी, समेत गांडा समाज के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक हजारों की संख्या में उपस्थित थे।

मंच संचालन देव प्रसाद चौहान और आभार प्रदर्शन जगदीश चौहान ने किया।

ईसाई समितियों की समस्या और बढ़ेगी, 16 स्कूलों में हुई है मनमर्जी नियुक्तियां

बिलासपुर (समय दर्शन)। वर्तमान कार्यकारिणी अपनी घोषणा करें या ना करें चर्च से जुड़ी हुई पुरानी समितियां के पदाधिकारी समिति के नाम पंजीयन क्रमांक के साथ अपने पदों को चर्च के गेट पर लिखवा रहे हैं। थाना तारबहार के सामने स्थित चर्च के दो गेट पर दो अलग-अलग समिति पदाधिकारी की दो अलग-अलग नाम पद सहित सूची अंकित है। क्राइस्ट मिशन इन इंडिया पर हाल ही में जिला प्रशासन ने कठोर निर्णय लेते हुए प्रशासक बैठाला है। पर चर्च का सामान्य संचालन तो पास्टर और रेबरैट को ही करना है। बिलासपुर जिला और पूरे प्रदेश में ईसाई समाज की कोई एक समिति नहीं समितियों के बीच काफी विवाद है। क्राइस्ट मिशन इन इंडिया के निपट जाने के बाद इन दिनों अपनी वित्तीय अनियमितताओं और अपने नियुक्ति संबंधित धांधलियों को लेकर छत्तीसगढ़ डायोसिस चर्च में है। 7 करोड़ का टैक्स नोटिस के बाद समिति पदाधिकारी द्वारा अपने रिश्तेदारों को नियम विरुद्ध तरीके से स्कूल में दी गई नौकरी चर्चा का विषय बन गई है। पूरे प्रदेश में

छत्तीसगढ़ डायोसिस 16 स्कूलों का संचालन करती है कि इसमें से चार गैर अनुदानित और शेष अनुदानित है। यह बात ध्यान रखने योग्य है कि मध्य प्रदेश जबलपुर में वहां के डायोसिस में नौकरियों को लेकर बड़ा घपला था। डायोसिस प्रमुख की पत्नी अलग-अलग आठ स्थानों पर नौकरी करती थी वेतन हर जगह से उठाया जाता था कर्तव्य पालन कही नहीं किया जाता था। क्राइस्ट मिशन के करोड़ों के गबन और छत्तीसगढ़ डायोसिस की वित्तीय अनियमितता के सामने मिशन अस्पताल की लीज निरस्तीकरण का मामला छोटा नजर आता है। समिति पदाधिकारी की उच्च जीवन शैली बिलासपुर, रायपुर, दिल्ली, मुंबई की हवाई उड़ने अपने ही बेटा, बेटी, पत्तियों को नौकरी पर रखना गाड़ियों के मेंटेनेंस के बिल पास करना। सीए के साथ मिलकर स्वयं को बैलेंस शीट पर बेदाग बताना इन सब पर कभी सेवा का पर्याय क्रिश्चियन समितियां और पदाधिकारी अब संदिग्ध बनते जा रहे हैं।

सक्ती जिला के विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किकिरदा का मामला

जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती का प्रभारी प्राचार्य के साथ लग रही मिली भगत

कलेक्टर से चक्काजाम की चेतावनी मामले में एक सप्ताह के बाद भी डीईओ की कार्रवाई ठंडा बस्ते में

जिला शिक्षा अधिकारी के ऊपर अभिभावकों ने लगाया लेनदेन कर मामले को रफा दफा करने का आरोप

सक्ती जिला के उच्च अधिकारी प्रभारी प्राचार्य और साहू सर को हटाने के बजाय बचाने में लगा रहे एड़ी चोंटी का जोर

जांजगीर चांपा (समय दर्शन)। अविभाजित जांजगीर चांपा जिला के एक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने सप्ताह भर पूर्व कलेक्ट्रेट कार्यालय में पहुंच कर जिले के मुखिया कलेक्टर महोदय से अपने विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य और साहू सर को हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। अगर एक सप्ताह के अंदर नहीं हटाया गया तो विद्यालय में ताला लगाकर मुख्य मार्ग में चक्का जाम करने की चेतावनी दिए। उक्त संबंध में जांच करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी विद्यालय पहुंचे। जांच एक सप्ताह हो गया लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी का जांच की कार्रवाई ठंडा बस्ते में चला गया।

गौरतलब है कि नवीन जिला सक्ती के विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किकिरदा के छात्रों ने सप्ताह भर पहले विद्यालय में पढ़ाई लिखाई नहीं होने के कारण यहां पर पदस्थ व्याख्याता एवं प्रभारी प्राचार्य प्रकाश चंद्र रात्रे और प्रयोग सहायक रोहित कुमार साहू को हटाकर उनके स्थान पर नए प्राचार्य लाने एवं हिंदी, अंग्रेजी, भूगोल ,जीव विज्ञान ,संस्कृत आदि सभी विषय की पढ़ाई नहीं होने के संबंध में नवीन जिला सक्ती के कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला के मुखिया कलेक्टर महोदय से मांग किया गया है। उक्त संबंध में नवीन जिला सक्ती के मुखिया कलेक्टर महोदय श्री अमित विकास टोपनो के आदेशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती श्री नरेंद्र कुमार चंद्रा अपने टीम के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किकिरदा में जांच करने के लिए पहुंचे। जांच उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती ने जांच प्रतिवेदन बनाकर अभिभावकों के सामने जिला के मुख्या कलेक्टर महोदय को सौंपने की बात कहते हुए बात को टालमटोल करने लगे। लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती श्री नरेंद्र कुमार चंद्रा ने जांच प्रतिवेदन में क्या लिखा था किसी भी अभिभावक को नहीं बताया गया और ना ही आगे क्या कार्रवाई होगी यह भी किसी को भी जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा बताया नहीं गया है जो अभिभावकों के समझ से परे हैं।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किकिरदा में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं ने बताया कि प्रभारी प्राचार्य प्रकाश चंद्र रात्रे और प्रयोगिक शिक्षक रोहित कुमार साहू ठीक ढंग से पढ़ाते नहीं है। जिसकी शिकायत करने पर प्रभारी प्राचार्य सर के द्वारा सीसीटीवी कैमरा में तोड़फोड़ किए हो कहकर चोरी के झूठे केस में फंसा देने की धमकी दिए हैं। अगर विद्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरा में तोड़फोड़ हुआ है और वास्तव में चोरी हुआ है तो जिम्मेदार एवं जिला के उच्च अधिकारी सीसीटीवी फुटेज निकाल कर पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज करा सकतें हैं। लेकिन यहां पर प्रभारी प्राचार्य प्रकाश चंद्र रात्रे का नियंत्रण नहीं है। कोई भी शिक्षक प्रभारी प्राचार्य के कहने पर नहीं पढ़ाते हैं। उल्टे विद्यालय में रोहित कुमार साहू सर के द्वारा कभी शिक्षकों से तो कभी छात्र-छात्राओं से लड़ाई झगड़ा किया जाता है। विद्यालय में पढ़ाई नहीं होने से यहां के लगभग 300 छात्र छात्राओं के भविष्य पर खतरा मंडरा रहा है।

बहरहाल कारण चाहे जो भी हो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किकिरदा में पढ़ाई नहीं हो रही है यह बात निश्चित है। इसके साथ ही प्रभारी प्राचार्य के आने से विद्यालय का माहौल गंदा होते जा रहा है। यहां पर अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं ने जिले के मुखिया कलेक्टर महोदय से प्रभारी प्राचार्य और साहू सर को हटाने की मांग किए हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती का प्रभारी प्राचार्य के साथ लग रही मिली भगत- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किकिरदा में अभिभावकों ने मीडिया/ रिपोर्टर को बताया कि बच्चों ने पढ़ाई लिखाई नहीं होने के संबंध में जिले की मुख्या कलेक्टर महोदय से मिलकर प्रभारी प्राचार्य एवं साहू सर को हटाने ज्ञापन सौंपे। जिसकी जांच में जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती श्री नरेंद्र कुमार चंद्रा विद्यालय पहुंचे थे। अभिभावकों ने आगे बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी महोदय के द्वारा कार्रवाई के संबंध में कुछ भी बात अभिभावकों को नहीं बताया गया है। और पूछने पर गोल-मोल जवाब देकर जिला शिक्षा अधिकारी महोदय चले गए। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किकिरदा में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने आरोप लगाया है कि जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती का प्रभारी प्राचार्य के साथ मिली भगत लग रही है। जिसके कारण प्रभारी प्राचार्य और साहू सर को आज तक नहीं हटाया गया है। यह बात गांव में अभिभावकों के बीच में चर्चा का विषय बना हुआ है।

जिला के उच्च अधिकारी, प्रभारी प्राचार्य और साहू सर को हटाने के बजाय , बचाने में लगा रहे हैं एड़ी चोंटी का जोर- नवीन जिला सक्ती के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किकिरदा में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने बताया कि जिला के उच्च अधिकारी प्रभारी प्राचार्य प्रकाश चंद्र रात्रे सर और रोहित कुमार साहू सर को हटाने के बजाय बचाने में एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर कुछ अभिभावकों ने बताया कि जिला के उच्च अधिकारी अभिभावकों के ऊपर दबाव बनाने के लिए फोन लगाकर बात कर रहे हैं, मामले को यही खत्म कर दो , ऐसा बार-बार बोल रहे हैं। और प्रभारी प्राचार्य को रहने दो, मैं उनको समझाइए दे चुका हूं। अब प्रभारी प्राचार्य और साहू सर सुधर जाएगा। ऐसा जिला के उच्च अधिकारियों का कहना है।

जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती के ऊपर अभिभावकों ने लगाया लेनदेन कर मामले को रफा दफा करने का आरोप- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किकिरदा में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने बताया कि जिस दिन जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती महोदय जांच करने पहुंचे थे। उसके बाद दूसरे दिन ही जिला शिक्षा अधिकारी महोदय का प्रभारी प्राचार्य के पास फोन पर बुलावा आया था। और उसी दिन प्रभारी प्राचार्य प्रकाश चंद्र रात्रे आनंद फानन में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सक्ती पहुंचे थे । प्रभारी प्राचार्य के द्वारा कुछ कागज के टुकड़े का बंडल जिला शिक्षा अधिकारी महोदय को दिया होगा। तब जाकर जिला शिक्षा अधिकारी महोदय मामले को रफा दफा करने पर जोर अजमाइश लगा रहे हैं।

सक्ती जिला से वेतन उठाकर मैडम नौकरी कर रही दूसरे जिला में - नवीन जिला सक्ती के विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किकिरदा में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं ने बताया कि पिछले 10 सालों से लगातार यहां पर पदस्थ शिक्षिका व्याख्याता श्रीमती प्रतिभा देवी काटले किकिरदा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ है। वेतन भी किकिरदा जिला सक्ती से आहरण कर रही है। लेकिन मजेदार बात यह है कि शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों की लापरवाही एवं सांठ गांठ के कारण व्याख्याता श्रीमती प्रतिभा देवी काटले जांजगीर चांपा जिला के नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास बरगांव (किरीत) में छात्रावास अधीक्षक के पद पर कार्य कर रही है। उक्त मैडम जी अगर यहां से स्थानांतरण ले लेती तो यहां का पद रिक्त हो जाता और कोई अन्य शिक्षक पदभार ग्रहण करके बच्चों को पढ़ाते। लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मिली भगत के चलते एक व्याख्याता वेतन यहां से उठा रही है और सेवा दूसरे जिला जांजगीर में दे रही है। यहां के छात्र-छात्राओं ने कलेक्टर महोदय से उक्त व्याख्याता श्रीमती प्रतिभा देवी काटले को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किकिरदा में मूल पद पर लाने की मांग किए हैं।

कार्रवाई चल रही है। कलेक्टर महोदय के आदेशानुसार कार्रवाई होगा।

एन के चंद्रा
जिला शिक्षा अधिकारी
सक्ती

खबर-खास

मलाबार ग्रुप ने 21,000 छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) की घोषणा की, महिला सशक्तिकरण के लिए अपनी दृष्टि को और सुदृढ़ किया

मुंबई: मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की पैरेंट कंपनी और देश के अग्रणी कारोबारी समूह मलाबार ग्रुप ने बीकेसी, मुंबई के भारत डायमंड बोर्स में आयोजित एक कार्यक्रम में साल 2024 के नेशनल स्कॉलरशिप प्रोग्राम की घोषणा की. यह घोषणा समूह की प्रमुख सीएसआर पहल मलाबार नेशनल स्कॉलरशिप प्रोग्राम के लिए अहम मील का पत्थर है, जो लड़कियों की शिक्षा को सपोर्ट करने को लेकर समूह की प्रतिबद्धता को दिखाता है. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया. इस कार्यक्रम में मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद, मलाबार ग्रुप के एमडी (इंडिया ऑपरेशन्स) अशेर ओ, मलाबार ग्रुप के वाइस चेयरमैन अब्दुल सलाम के पी भी उपस्थित थे. इस छात्रवृत्ति कार्यक्रम (स्कॉलरशिप प्रोग्राम) के तहत इस साल भारत की 21,000 छात्राओं की शिक्षा को सपोर्ट करने के लिए 16 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं. इस पहल को लेकर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, शिक्षा दुनिया को बदलने का सबसे ताकतवर साधन है.।

एमवे इंडिया ने सेहतमंद भारत के लिए राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत सभी के लिए पौष्टिक आहार कार्यक्रम का किया आयोजन

रायपुर। राजधानी में महाराज जी ने मीडिया से रूबरू होते हुए सिस्टम पर कड़ा प्रहार किया। गौ हत्या की नियमित बढ़ोतरी पर हुंकार लगाते हुए महाराज जी ने कहा आजादी के समय देश में 78 करोड़ गौ की संख्या थी और देश की कुल संख्या 30 करोड़ थी लेकिन देश का दुर्भाग्य है कि अब देश की संख्या जहां 150 करोड़ हो चुकी है लेकिन गायों की संख्या 19 करोड़ बची हुई है। उन्होंने आगे कहा अब तक की जितनी भी सरकारें देश की सत्ता पर काबिज़ हुई सभी ने बढ़ती गौ हत्या के प्रति अपनी संवदेना को दरकिनार किया। आज गौ सेवकों की जान खतरे में है, वो सुरक्षित नहीं है, भय के माहौल में है। आखिर इसका जिम्मेदार कौन है ? जब पत्रकार साथी ने सवाल पूछा की महाराज जी तिरुपति बालाजी मंदिर में बनने वाले लड्डू के लिए जो घी का निर्माण होता उसमें गाय की चर्बी मिली इसपर आप क्या कहेंगे? महाराज जी ने साफ कहा जो भी आरोपी है उनको तत्काल दंडित करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि, हम गौ हत्या के खिलाफ आवाज़ उठाने के साथ-साथ ही आदरणीय प्रधानमंत्री से इस संदर्भ में पत्राचार किया है और वहां से मुहर लग के हमको ये आश्वासन मिला है की जल्द जी प्रधानमंत्री जी से आपकी वार्ता कराई जाएगी। कर्म और धर्म की प्रधानता के प्रश्न में उन्होंने कहा कि धर्म और कर्म में प्रधान धर्म है आप बिना धर्म के जो भी कर्म करेंगें वो सफल नहीं होगा। देश में बढ़ते पाखडिंयों बाबाओं पर भी चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा हमारे यहां तो महज 11 लौंग से लोगों की समस्या को दूर किया जाता है। मैं कोई पैसा नहीं लेता। आप आएं हमारे यहां आपकी जो भी समस्या है उसका उचित निवारण किया जाएगा।

शिक्षाग्रह ने भारत में वर्ष 2030 तक एक मिलियन सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए एमेजॉन वेब सर्विसेस का उपयोग किया

नई दिल्ली। शिक्षाग्रह एक जन शिक्षा आंदोलन है जिसका उद्देश्य भारत में एक मिलियन सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाना है, उसने आज घोषणा करी कि वह अपने टेक्नोलॉजी-आधारित सुधार की पहलों को आगे बढ़ाने के लिए एमेजॉन वेब सर्विसेज (ड्ब्लुस्) की क्लाउड कंप्यूटिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करेगा। शिक्षाग्रह एक जन आंदोलन होने के नाते सरकारी निकायों, स्थानीय सिविल सोसाइटी आर्गेनाइजेशंस (सीएसओ), युवाओं और समुदाय आधारित समूहों के बीच सहयोग को बढ़ावा देगा, ताकि वे ज़रूरतों के अनुसार स्कूल सुधार कार्यक्रम और समाधान का नेतृत्व कर सकें। यह आंदोलन वर्ष 2030 तक 100 जिलों के लगभग 40 मिलियन बच्चों के जीवन में परिवर्तन लाने का लक्ष्य रखता है। यह पहले से ही कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सक्रिय रूप से चल रहा है। जिनमें अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, कश्मीर, ओडिशा, पंजाब, पुडुचेरी, तमिलनाडु, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। भारत में सरकारी स्कूलों को सभी छात्रों को बेहतर शिक्षा देने में कई चुनौतियोंका सामना करना पड़ता है। विभिन्न हितधारकों द्वारा उठाए गए असरदार कदमअलग-अलग क्षेत्रों में सीमित रहते हैं, एक क्षेत्र की सर्वोत्तम प्रैक्टिस दूसरे क्षेत्रके शिक्षकों के लिए आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाती है।

आरटीओ विभाग ने की फ्लाई ऐश गाड़ी पर कार्यवाही

सारंगढ़ योगेश कुर्रे (समय दर्शन)। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्राम टिमरलगा जगदम्बा फंड वर्ल्ड के पास 16 चक्का वाहन। ष्टद्द 11 क्ष्य 0712 को आरटीओ विभाग ने कार्यवाही की है वही आरटीओ अधिकारी नारद ठाकुर का कहना है की फ्लाई ऐश से भरी गाड़ी है जिसमे मानक नियम से ओवरलोड मॉल लोड कर ले जाया जा रहा था जिसको आरटीओ ने मौका स्थल पर ही लॉक लगा दिया गया बताया जा रहा की गाड़ी रायगढ़ से आ रही जबकि कागज में डीबी पावर प्लांट से गाड़ी लॉड हुआ और गुडेली में अनलोड करने की बात कही जा रही है वही वाहन चालक को थाना

चंद्रपुर में आकार कागजात दिखाने की बात कही अब देखना यह होगा की दिन भर में कितनी गाड़ियों पर विभाग की कार्यवाही जारी रहती है

सड़क में सैकड़ो ओवरलोड गाड़िया लेकिन कार्यवाही सिर्फगिने चुने या फिर कोई एक ?- रायगढ़ से सारंगढ़ आने वाली मुख्य मार्ग में अगर आरटीओ विभाग के अधिकारी कार्यवाही की नियत से 1 घंटे भी खड़े हो जाए तो सैकड़ो ओवरलोड गाड़िया मिलेगी लेकिन विभाग रायगढ़ से आते है ना जाने कौन सी सोच होती है किन गाड़ियों पर कार्यवाही करना चाहते है किनको नहीं ये तो वही जाने लेकिन आरटीओ विभाग खूब दूरी तय कर आते तो जरूर है लेकिन पकड़ते क्या है सैकड़ो गाड़ियों में गिने चुने कोई एक गाड़ी और बाकी गाड़ियों सड़क में फर्राटे भर रही आखिर कार ओवरलोड वाहनों की चेकिंग और कार्यवाही करनी है तो बाकी गाड़ियों पर विभाग के नजर ,हाथ ,क्यों नहीं पहुंचते ये सबसे बड़ा सवाल है क्योंकि आज जिस तरह से कार्यवाही की गई जगदम्बा फंड वर्ल्ड के पास आरटीओ अधिकारी ने सिर्फ एक गाड़ी पर ही कार्यवाही कर निकल गए कार्यवाही करना बेहद अच्छी बात है और सराहनीय कार्य है लेकिन सिर्फ एक पर बाकी गाड़ियों पर क्यों नहीं ?

स्व सहायता समुह के बहनो ने भी भाजपा से जुडने में दिखाई दिलचस्पी

गरियाबंद (समय दर्शन)। रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की मौजुदगी में छुरा ब्लाक के ग्राम कोसमबुढ़ा में स्व सहायता समुह की महिलाओ ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी ने मिस काल के माध्मय से उन्हे भाजपा की सदस्यता दिलाई।इस दौरान स्व सहायता समुह की महिलाओ ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से कहा कि भाजपा से जुड़ना हमारे लिए गौरव की बात है।भाजपा ही एक मात्र पार्टी है जो गांव,गरीब किसान के सर्वागीण विकास की चिंता करती है।इसके पहले महिलाओ को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि कहा कि महिला स्व सहायता समूह का गठन का उद्देश्य गांव और शहरों में महिलाओं को मजबूत करना हैं। 2010 में तत्कालिन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने इसकी शुरूआत की थी।आज गांव गांव में महिला स्व समुह बन गए है। समुह से जुड़कर महिलाए आत्मनिर्भर हो रही और परिवार का पालन पोषण भी कर रही है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार गांव गरीबो और बहनो की

चिंता करते है।प्रदेश में भी भाजपा की सरकार बनते सबसे पहले महिलाओ से किए वादे पर ध्यान दिया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश की 70 लाख बहनो को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रूपए देने के मोदी के गांरटी को पूरा किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का ध्येय सिर्फविकास है। इसे मजबुत करने और परिवार को बढ़ाने पार्टी सदस्यता अभियान के तहत नए सदस्य जोड़ रही है।आप सभी भाजपा से जुड़कर पार्टी को मजबुत करे।

इसके पहले महासमुंद लोकसभा सांसद रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि 2016 में प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री जन धन की शुरू की थी।पहली बार महिलाओ को खाते खुले।तब कांग्रेसी उपवाह उड़ाते थे खाते तो खुल रहे पैसे कौन डालेगा।आज आप देख रहे होंगे हर योजना का लाभ सीधे हितग्राहियो के खाते में जा रहा है।हर महिने महतारी वंदन योजना की एक हजार की राशि सरकार इन्ही खातो में सीधे भेज रही है। मोदी सरकार ने महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है।इस अवसर पर संभाग सह प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही,जिला सह प्रभारी किशोर महानंद,महामंत्री अनिल चंद्राकर,आईटीसेल संयोजक सागर मयाणी, जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी,थानसिंह निषाद,थानेश्वर कंवर,जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव,सहित बड़ी संख्या में स्व सहायता समुह की बहने उपस्थित थे।

गरियाबंद पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल आपसी विवाद के चलते पति ने पत्नि का गला दबाकर किया हत्या

गरियाबंद (समय दर्शन)। थाना छुरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कसेकेरा में आपसी विवाद के चलते पति ने पत्नी का किया गला दबाकर हत्या मामले की गंभीरता को देखते हुए गरियाबंद पुलिस कप्तान अमित तुकाराम कांबले एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चंद्राकर के निर्देशन व अनुविभागीय अधिकारी गरियाबंद सुश्री निशा सिन्हा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी छुरा के द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना का तस्दीक करने पर पाया कि आवेदक की छोटी बहन खेम बाई ध्रुव का पहला विवाह ग्राम कोसमबुड़ा के घनश्याम ध्रुव के साथ हुआ था। उनका दामाद घनश्याम ध्रुव का एक्सीडेंट से मौत हो गया।बहन खेमबाई ध्रुव और माँ फुलवाबाई एक साथ पुराना गाँव में रहते थे।वर्ष 2015 - 2016 में खेमबाई ध्रुव का आँगनबाड़ी कार्यकर्ता का नौकरी लगा,तब से घर में रहकर नौकरी कर रही थी।वर्ष 2020 में ग्राम कसेकेरा का गोविंद राम ध्रुव

के तरफ से रिस्ता आने पर चुड़ी पहना कर दुसरा विवाह कर दिये।खेमबाई ध्रुव ड्यूटी के दिनो में ग्राम पीपरछेड़ी में रहती थी तथा रविवार अवकाश होने से शनिवार की शाम को अपने ससुराल ग्राम कसेकेरा चली जाती थी। मृतिका 27 सितंबर 2024 के दोपहर 2 बजे के बाद खेमबाई अपनी स्कुटी से अपने ससुराल ग्राम कसेकेरा चली गई।उसके बाद 28 सितंबर के सुबह लगभग 6.30 बजे ग्राम कसेकेरा से गोविंद के छोटा भाई गोपीचंद का फोन आया और उसने बताया कि खेमबाई सो कर उठ नहीं रही हैं।आवेदक को शंका होने पर अपनी दुसरी बहन ओमबाई के साथ मोटर सायकल में ग्राम कसेकेरा गया और जाकर देखा तो खेमबाई ध्रुव के गले में लालिमा युक्त निशान,मुँह से खुन निकला हुआ था,नाक में खुन जमा था,कान का बाली और मंगल सुत्र टुटकर बिस्तर में पड़ा हुआ था।आवेदक के बताए गए घटना के सम्बन्ध एवं प्रथम दृष्टिया हत्या का अपराध परिलक्षित होने पर आरोपी के विरुद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।संदेही आरोपी गोविंद राम ध्रुव से विस्तृत पूछताछ करने पर बताया कि 28 सितंबर 2024 के रात्रि पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद में आक्रोश में आकर जान से मारने की नियत से आरोपी गोविंद राम ध्रुव पिता स्व0 हेमकुमार ध्रुव उम्र 34 वर्ष,निवासी कसेकेरा,थाना छुरा द्वारा अपनी पत्नी खेमबाई ध्रुव के छाती में बैठकर अपने दोनो हाथो से गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया।मामले में हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

नेल्लानार डैशबोर्ड में योजनाओं के सेचुरेशन का ऑनलाईन एन्ट्री करें सुनिश्चित,सर्वे एवं एन्ट्री के कार्यों को गंभीरतापूर्वक करें पूर्ण

गरियाबंद (समय दर्शन)। माओवाद प्रभावित जिलों में लोगों तक विभिन्न शासकीय योजनाओं के सेचुरेशन की जानकारी नेल्लानार डैशबोर्ड में ऑनलाईन एन्ट्री किया जाना है।इसके तहत गरियाबंद जिले में भी लोगों तक राशन कार्ड,गैस कनेक्शन, श्रमिक पंजीयन,आय-जाति निवास, आयुष्मान कार्ड,टीकाकरण,नलजल कनेक्शन जैसी 37 प्रकार की सेवाओं की पहुंच की वस्तुस्थिति की जानकारी के लिए पात्र,लाभान्वित एवं अपात्र स्थिति का एन्ट्री किया जाना है।साथ ही योजनाओं से वंचित लोगों का सर्वे कर उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है।इस संबंध में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज

एनआईसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय अधिकारियों की बैठक ली।बैठक में उन्होंने नेल्लानार डैशबोर्ड में ऑनलाईन एन्ट्री सुनिश्चित करने तथा हितग्राहीमूलक योजनाओं की पहुंच की जानकारी के लिए ब्लॉक स्तर पर सर्वे करने टीम गठित करने निर्देश दिए।उन्होंने दोनों प्रकार के कार्यो के लिए सोमवार तक टीम गठित करने को कहा। कलेक्टर ने ऑनलाईन एन्ट्री के कार्यों को 8 अक्टूबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सर्वे के कार्यों को भी जल्द शुरू कर निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने को कहा।उन्होंने सर्वे टीम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,मितानिन, रोजगार सहायक एवं ग्राम पंचायत सचिव को शामिल करने कहा।साथ ही ऑनलाईन एन्ट्री के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटरों की नामजद ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये।साथ ही मॉनिटरिंग के लिए वाट्सग्रुप बनाने के भी निर्देश दिये।कलेक्टर ने कहा कि यह शासन की प्राथमिकता में है,इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता में लेकर सर्वे एवं ऑनलाईन एन्ट्री के कार्यो को गंभीरतापूर्वक पूर्ण करे।कलेक्टर ने स्कूली बच्चों के आय,जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए बीईओ, बीआरसीसी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक समन्वय करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये।

सरिया नगर पंचायत सीएमओ देवनारायण पटेल पर तानाशाही का आरोप ?

जनहित विकास के नाम पर निजी भूमि पर शेड निर्माण क्या उचित है ?

सरिया योगेश कुर्रे (समय दर्शन)। नगर पंचायत सरिया की कारनामे भी अजीबो गरीब है जिनके कृत्य आज कल खूब चर्चे में है जरा सोचिए नगर पंचायत सरिया जहा कोई नगर में किसी प्रकार की अवैध कब्जा करता है या निर्माण करता है तो उसमे नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी गाड़ी लेकर दौड़ पड़ते है और दौड़ना भी चाहिए अगर ऐसा कोई करता है तो उसे रोकने का अधिकार और कर्तव्य भी नगर पंचायत की है जिसे ओ बखूबी निभाय और निभाने भी चाहिए और ऐसे लोगो के ऊपर नगर पंचायत कड़ी कार्यवाही भी करती है नोटिस देती है ,समान जप्त कर दिया जाता है यहां तक की कब्जा होता तो उसे हटाया जाता है और कब्जा में निर्माणधीन भवन रहा तो फिर भवन तक तोड़ने का आदेश आ जाता है इस तरह के कार्यवाही तो आपने खूब देखा और सुना होगा और लगा भी होगा की वाह क्या अधिकारी है लेकिन जिन्हे कब्जा हटाने है जिसे अवैध कार्य रोकने है अगर वही कब्जा करे ,अवैध निर्माण कराए तो फिर नियम कानून को कौन बनाएगा ,पालन,करेगा,दरअसल मामला कुछ इसी तरह का नगर पंचायत सरिया में चल रहा है जहा निजी भूमि पर नगर पंचायत का सेड तैयार हो रहा है जिसको लेकर भू स्वामी ने आपत्ति जताई तो सीएमओ साहब ने उन्हें ही नियम का उल्टा पाठ पढ़ाने लगे

छुट्टी में अवैध निर्माण के आदेश दे सकते सीएमओ लेकिन रोक नही सकते ?- अपको बता दे सरिया नगर पंचायत निवासी कैलाश अग्रवाल रोमी अग्रवाल पिता ओमप्रकाश अग्रवाल ने जिला प्रशासन को लिखित में शिकायत दर्ज कराई है की उनकी निजी भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम सरिया प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. सरिया तह. सरिया जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में खसरा नं. 853/7 रकबा 0.049 हे. व खसरा नं. 853/2 रकबा 0.101 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में अंकित है। जिसपर शांति पूर्वक आवेदक लोगों का कब्जा चला आ रहा है। उक्त निजी भूमि पर नगर पंचायत सरिया द्वारा जबरदस्ती और अवैध तरीके से सेड का निर्माण कराया जा रहा है और उनकी जमीन को कब्जा करने की नियत से निर्माण कराया जा रहा साथ ही जानबूझकर पिलर को ऐसा बनाया रहा है जिससे उनके आवागमन बाधित रहा निजी भूमि होने की वजह काम को बंद कराने के लिए सीएमओ को अवगत कराया गया जिसमे सीएमओ देवनारायण पटेल ने उन्हें घोषित अवकाश का हवाला देते हुए पल्ला झाड़ने लगे और कहने लगे की आज छूटी है मैं कोई कार्यवाही नही कर सकता जब

कार्यवाही या फिर किसी नागरिक हक अधिकार की बात आती है तो सीएमओ देवनारायण पटेल के लिए अवकाश पर हाथ बंध जाते है अधिकारहीन ,शक्तिहीन हो जाते लेकिन उसी छुट्टी के दिन क्या खूब किसी की निजी भूमि पर विकास कार्य के नाम पर कब्जा करने में तनिक भी हिचक नहीं होता भूमि तो निजी है लेकिन हक जता रहे नगर पंचायत सरिया सीएमओ

शिकायत के बाद जिला प्रशासन की पहल से काम हुआ बंद- वही इस संबध में जिला प्रशासन से आवेदक ने शिकायत दर्ज कराई है जिसमे जिला प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए पहले हो रहे निर्माण को बंद करने का आदेश दिया और जांच कराई गई जिसमे साफ तौर पर जांच में भी यह पाया गया की शेड निर्माण का कुछ हिस्सा की भूमि भी निजी है और लगे पिलरो में लगभग 6 पिलर भी निजी भूमि में है और भी आगे जांच चल रहा है लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह उठता है की क्या नगर पंचायत सरिया किसी निजी भूमि पर निर्माण करा सकता है क्या उन्हे यह अधिकार है ,अगर नही है तो ऐसे सीएमओ पर आखिर क्या कार्यवाही की जायेगी ये भी देखने वाली बात होगी क्योंकि सीएमओ खुद नगर पंचायत का ओ अधिकारी है जिन्हे नगर में शांति, स्वच्छता ,विकास के साथ नियम कानून कायदे का पालन करना और साथ अवैध कब्जा ,निर्माण जैसा कार्यों पर अंकुश लगाना ये उनका अधिकार जिम्मेदार है और ऐसे में सब कुछ जानते हुए इस तरह का कृत्य करने पर ऐसा अधिकारी पर कार्यवाही होगा ताकि भविष्य में अपने शक्ति का दुरुपयोग न करे

एसडीएम कोर्ट में मामला चल रहा- आवेदक की शिकायत के बाद मामला एसडीएम कोर्ट को सौप दिया गया जिसमे कुछ ही दिनों में पेशी होना है लेकिन पहली नजर में ही निर्माण कार्य गलत माना जा सकता है क्योंकि नियम कहता है की किसी की निजी भूमि में कोई अन्य व्यक्ति कब्जा नहीं कर सकता और ना ही निर्माण लेकिन उसके बाद भी इस तरह की कृत्य को अंजाम दिया गया लेकिन फिलहाल अब यह मामला आईएएस एसडीएम अधिकारी प्रखर चंद्राकर तक पहुंच चुका है और कहा जाता है की जिला में अगर आईएएस अधिकारी है तो उसका कर्तव्य है की किसी के साथ कोई अन्याय न हो और न ही किसी का शोषण साफतौर पर कहे तो जिनका जो हक अधिकार और साक्ष्य के आधार पर न्याय देना फिलहाल आवेदक रोमी अग्रवाल ने एसडीएम साहब से गुहार लगाई है की उन्हे न्याय दिलाए

भगवान विश्वकर्मा स्थापना को लेकर शेड निर्माण किया जा रहा- हालाकी जिस विकास कार्य को नगर पंचायत सरिया करवा रहा ओ विकास कार्य आमजनता की नजर में तो जनहित जरूर है लेकिन किसी की निजी हक का हनन करके विकास कार्य को अंजाम दिया जा रहा सूत्र की माने तो आवेदक की शिकायत के बाद अधिकारियो ने कई तरह की हथकंडे अपनाने शुरू कर दिए है जिसमें आवेदक को दबाने और जबरन निर्माण के लिए मेन पवार के साथ जबरन किसी की निजी भूमि पर मोहल्ले वासी की राय सुमारि कर उसे जनहित का अंजाम दिया जा रहा शेड निर्माण भगवान विश्वकर्मा के लिए किया जा रहा ये बहुत ही सराहनीय कार्य है होना भी चाहिए लेकिन उसमे भी ये ध्यान में रखा जाना चाहिए की किसी को निजी तौर पर कोई नुक्सान न हो फिलहाल अब देखना यह होगा की क्या किसी की निजी भूमि में ऐसा निर्माण कार्य कराया जा सकता है ,कितना उचित है और इस पर आईएएस एसडीएम साहब की सुनवाई में जनहित और आवेदक के अधिकारों को ध्यान में रखकर क्या फैसल लिया जाता है अब ये सुनवाई में ही सामने आ पाएगा

संक्षिप्त-खबर

फरमानिया ट्रस्ट द्वारा 280 बच्चों को वितरण किया शैक्षणिक सामग्री एवम रसगुल्ला

अहिवारा (समय दर्शन)। शनिवार को स्वर्गीय सरवती देवी बनारसीदास फरमानिया चेरिटेबल ट्रस्ट पेंड्रा(छत्तीसगढ़) के संचालक श्री सुरेश फरमानियां जी के द्वारा शासकीय प्राथमिक एवम पूर्व माध्यमिक शाला पिटौरा , विकास खंड धमधा के प्राथमिक एवम पूर्व माध्यमिक शाला के सभी बच्चो को पहाड़ा की किताब , दो कॉपी और पांच पांच पेन और माध्यमिक शाला के 60 बच्चो को कंपास बॉक्स का भी वितरण किया गया,इसके साथ ही श्री सुरेश फरमानियां जी के द्वारा शाला में उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं, स्टाफ रसोइया ,आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चो को दो दो रसगुल्ले का वितरण किया गया। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नारधा प्रधान पाठक मनोज कुमार मढरिया, पूर्व माध्यमिक शाला पिटौरा प्रधान पाठक विकास कुमार धल्ले, प्राथमिक प्रधान पाठक श्री योगेन्द्र बंछोर व शिक्षक बिंदेश्वरी वर्मा, प्रतिभा शर्मा,वंदना वर्मा,ओमप्रकाश यदु उपस्थित थे। बच्चें काफी हर्षित हुए।

लाल मैदान अहिवारा में मां अनंता उत्सव समिति के द्वारा लगातार चौथे वर्ष भी सज रहा है भव्य रूप से माता रानी का दरबार

अहिवारा (समय दर्शन)। समिति के अध्यक्ष अमन सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मीना बाजार, झूला, दुकानों के स्टॉल, प्रति दिवस रास गरबा डांडिया, आर्केस्ट्रा, कवि सम्मेलन, कव्वाली, एवं विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम समिति के द्वारा रखा गया है। एवं इस वर्ष विशेष रूप से शहनाज अख्तर जी का कार्यक्रम लाल मैदान में 4 अक्टूबर को रात्रि 10:00 बजे से रखा गया है जिसके आयोजक विजय साहू है।

सुरेश बंछोर जनपद पंचायत स्तरीय समिति में सदस्य मनोनीत

पाटन- दुर्ग जिला के प्रभारी मंत्री एवं छत्तीसगढ़ शासन के गृहमंत्री श्री विजय शर्मा जी ने अपने प्रभार जिला दुर्ग में विभिन्न समितियों में भाजपा कार्यकताओ व सदस्य का मनोनयन किया है! जिसमें जनपद पंचायत स्तरीय 7 सदस्यीय समिति में करेला निवासी श्री सुरेश बंछोर का मनोनयन किया गया है!उनके अलावा श्री अशोक निषाद, नरेंद्र साहू, ईश्वर यदु, रवि सिन्हा, श्रीमती झरना साहू, श्रीमती मनीषा देशलहरे का मनोनयन किया गया है!उनके मनोनयन पर- अभिषेक सेन,राजेश बंछोर, खेमलाल देशलहरे, मनीष चंद्राकर, लुभम बंछोर,प्रमोद ठाकुर, रूपसिंह सिन्हा, नारद साहू, महेश साहू, गजेंद्र साहू, महेश मेश्राम, जीवधन साहू, सोमसिंह साहू, रोमन साहू, कमलेश यादव, हीरेन्द्र साहू,संजू साहू,सहित अन्य ने बधाई दी गई!

दुर्ग के वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश पाल का निधन, अंत्येष्टि आज

दुर्ग। दुर्ग के वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश पाल पिता मिठाई लाल का निधन हो गया। वे 48 वर्ष के थे। सोमवार को सुबह साढ़े 10 बजे न्यू आदर्श नगर स्थित उनके निवास से अंतिम यात्रा निकलेगी। वे अपने पीछे पत्नी और दो पुत्रियों का संसार छोड़ गए। पत्रकार ओमप्रकाश पाल के निधन पर दुर्ग प्रेस क्लब के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार अरुण मिश्रा, पवन देवांगन, धनेंद्र चंदेल, महासचिव देवीलाल साहू, महेंद्र साहू और रितेश टिकरिहा सहित प्रेस क्लब के सदस्यों ने परिवार के प्रति शोक व्यक्त किया है।

नवोदय चयन परीक्षा और एफएलएन मार्गदर्शन कार्यशाला का हुआ आयोजन

अहिवारा (समय दर्शन)। जोन अहिवारा,विकासखंड धमधा जिला दुर्ग में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री कैलाश कुमार साहू ,बीआरसीसी श्री महावीर वर्मा जी के मार्गदर्शन में 9 संकुल – सेमरिया, अहिवारा, गिरहोला,डूमर, पाहरा, नंदिनी खुंदिनी, अहेरी, मेडेसरा और पथरिया के कक्षा 1,2,3 पढ़ाने वाले व कक्षा 5 अध्यापन कराने वाले शिक्षकों के साथ स्नस्ह और नवोदय प्रवेश परीक्षा चयन हेतु कार्य शाला का आयोजन हुआ। स्नस्ह प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक में संदर्शिका,अभ्यास पुस्तिका,पाठयपुस्तक को समाहित करते हुए दैनिक पाठ योजना,साप्ताहिक कार्य योजना,मेरा सफर,मैंने सीख लिया पाठ के आधार पर आकलन कर शिक्षक संदर्शिका में ट्रैकर भरकर बच्चों को समूह 1और समूह 2 का निर्धारण कर कार्य योजना बनाकर अभ्यास कार्य करवाने के बारे में मास्टर ट्रेनर किशोर कुमार तिवारी, सूर्यकांत हरदेल,नीलम चंद ताम्रकार, सिद्धार्थ सिंह भुवाल,स्नस्ह से ब्लॉक समन्वयक भूषण सिन्हा,हितेश सांग के द्वारा शिक्षकों को मार्ग दर्शन दिया गया।नवोदय प्रवेश परीक्षा चयन हेतु गणित के विभिन्न क्षेत्रों,सामान्य ज्ञान,बौद्धिक तार्किक विषय पर मास्टर ट्रेनर्स दिनेश वर्मा और यशवंत पटेल द्वारा मार्गदर्शन दिया गया।सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री बेनीराम वर्मा के द्वारा बच्चो में अपेक्षित परिणाम लाने के लिए शिक्षको को प्रेरित किया गया।क्क्रष्ट महावीर वर्मा जी के द्वारा सभी शिक्षकों को अपने कक्षा कक्ष में बेहतर प्रायस करने के लिए प्रेरित किया।

इस कार्यशाला में संकुल समन्वयक किशोर कुमार तिवारी, सूर्यकांत हरदेल,नीलम चंद ताम्रकार,सिद्धार्थ सिंह भुवाल,सुरेश कुमार देवांगन,वीरेंद्र कुमार साहू,राहुल वासनिक, दीनबन्धु राजपूत, चितेंद्र कोठारी, यशवंत पटेल,दिनेश कुमार वर्मा,भूषण सिन्हा,हितेश सांग,क्क्रष्ट श्री महावीर वर्मा,,क्क्रष्ट बी.आर. वर्मा, प्रधान पाठको और सक्रिय शिक्षको की पूर्ण सहभागिता के साथ कार्य शाला संपन्न हुआ।

विश्व हिन्दू परिषद ने विभिन्न मुद्दों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बसना (समय दर्शन)। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल एवं अनुसान्गिक संगठन के तत्वावधान में बसना एस डी एम कार्यालय पहुँचकर अपनी मांगों को लेकर सौंपा गया ज्ञापन।

बसना में बीते दिनषबसना प्रखंड के विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृ शक्ति ,दुर्गा वाहिनी एवं सनातन भाइयों के द्वारा सरकार द्वारा अधिग्रहित मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने के संदर्भ में विज्ञापन महामहिम राज्यपाल के नाम पर दिया गया। आवेदन में उल्लेखित किया गया कि हमारे देश में संविधान के सर्वोपरि होने की दुहाई बार-बार दी जाती है ,परंतु दुर्भाग्य से हिंदुओं के आस्थाओं के केंद्र मंदिरों पर विभिन्न सरकारें अपना नियंत्रण स्थापित कर हिंदुओं की भावनाओं के साथ सबसे घृणित धोखाधड़ी संविधान की आड़ में कर रही हैं ,जो सरकार है संविधान की रक्षा के लिए निर्माण की जाती हैं , वही संविधान की आत्मा की धज्जियां उड़ा रही हैं। अपने निहित स्वार्थ के कारण मंदिरों का अधिग्रहण कर वे संविधान की धारा 12, 25 व 26 का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन कर रही है ,क्या स्वतंत्रता प्राप्ति के 77 वर्ष बाद भी हिंदुओं को अपना मंदिरों का संचालन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती, अल्पसंख्यकों को अपने धार्मिक संस्थान चलाने की अनुमति है ,परंतु हिंदू को यह संविधान सम्मत अधिकार क्यों नहीं दिया जा रहा है। यह सर्व विदित है ,कि मुस्लिम आक्रमणकारियों ने देश के मंदिरों को लूटा और नष्ट किया था। अंग्रेजों ने चतुराई पूर्वक उन पर नियंत्रण स्थापित करके उन्हें निरंतर लूटने की प्रक्रिया स्थापित कर दी । स्वतंत्रता के 77 वर्ष बाद भी भारत की सरकारे इस औपनिवेशिक मानसिकता से ग्रस्त है ,और हिंदुओं के मंदिरों पर नियंत्रण स्थापित कर लूट रही है । यह स्थापित मान्यता है, कि मंदिरों की संपत्ति व आय का उपयोग मंदिरों के विकास व हिंदुओं के धार्मिक कार्यों के लिए ही होना चाहिए ,आपसे निवेदन है कि आप अपनी राज्य सरकार को उनके द्वारा नियंत्रित सभी हिंदू मंदिर अभिलंब मुक्त करके हिंदू संतो व भक्तों को एक निश्चित व्यवस्था के अंतर्गत सौंपने के लिए प्रेरित करें ,इस व्यवस्था का प्रारूप पूज्य संतों ने कई वर्षों की चिंतन मनन व चर्चा के बाद निर्धारित किया है । हमें विश्वास है कि परस्पर विचार विमर्श से ही हमारे मंदिर हमको वापस मिल जाएंगे तो हमें व्यापक आंदोलन के लिए विवश नहीं होना पड़ेगा।

छत्तीसगढ़ की जनता नौ महीने में ही भाजपा सरकार से ऊब गई - रवि चंद्रवंशी

कवर्धा (समय दर्शन)। छत्तीसगढ़ में बढ़ती अराजगता, सभी वर्ग पर हो रहे अन्याय के खिलाफ कांग्रेस छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा निकाल रही है। यह न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में गिरौदपुरी धाम से लेकर रायपुर तक 125 किलोमीटर की पद यात्रा है, जिसे छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का नाम दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अनुसार छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का उद्देश्य छत्तीसगढ़ में शान्ति स्थापित करना है। आज भाजपा की सरकार में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। इस कारण सभी समाज के ऊपर अत्याचार बढ़ता जा रहा है। इस पर अंकुश लगाने की मंशा से पूरी कांग्रेस पार्टी आज छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा पर निकली है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद मानो अपराधियो के अच्छे दिन आ गए हो। लगातार पूरे प्रदेश में अराजगता का माहौल बना हुआ है। दिन प्रतिदिन हत्या बलात्कार के मामले आ रहे हैं, जिससे लोग परेशान हैं। छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में शामिल पंडरिया के युवा किसान नेता रवि चंद्रवंशी ने कहा कि पिछले 9 महीने की भाजपा सरकार से छत्तीसगढ़ की जनता उब चुकी है। कानून व्यवस्था सरकार के हाथ से निकल चुका है जिसका जीवंत परिणाम हमारे कवर्धा जिले में देखने को मिल रहा है, जहाँ एक ओर पुलिस हिरासत में पुलिस की मार से एक युवक की मौत हो रही है, तो दूसरी ओर रेत माफिया वन कर्मियों पर जानलेवा हमला कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा मानो भाजपा सरकार में अपराधियों को अपराध करने का लाइसेंस मिल गया हो। श्री चंद्रवंशी ने यह भी कहा कि यदि भाजपा के मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ नही सम्हल पा रहा हो तो नैतिकता के नाते स्तीफा दे दे, जिससे आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ियो की रक्षा कांग्रेस पार्टी करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ेगी।

नए भारत के निर्माण की राह दिखाने वाले पंडित दीनदयाल- भावना बोहरा

कवर्धा (समय दर्शन)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितम्बर के अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने उनके आदर्शों और विचारों को प्रस्तुत करते हुए कहा कि उपाध्याय जी का मानना था कि जब तक समाज का अंतिम व्यक्ति अपने अधिकारों और संसाधनों से वंचित रहेगा, तब तक वास्तविक विकास संभव नहीं है। उन्होंने स्व. उपाध्याय के विचारों और आदर्शों पर चलने की अपील करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय भारतीय राजनीति के एक प्रमुख विचारक हुए जिन्होंने भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीयता और अंत्योदय के विकास पर देश की राजनीति को एक नई दृष्टि दी। अंत्योदय का सिद्धांत विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित है। उन्होने कहा कि स्वतंत्रता के बाद एक तरफ जहां भारत प्रगति के नए सपने देख रहा था वहीं दूसरी ओर समाज की पंक्ति में पीछे खड़े लोगों की दुर्दशा पंडित जी को बेचौन कर रही थी। उन्हें लग रहा था कि देश की तत्कालीन राजनीतिक व्यवस्था इस अंतर को मिटाने में सक्षम नहीं है क्योंकि व्यवस्था का दृष्टिकोण भारतीय नहीं है। इस उद्देश्य से उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए अंत्योदय को एक मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में प्रस्तुत किया। दीनदयाल जी का मानना था कि विकास का असली मतलब केवल आर्थिक वृद्धि नहीं, बल्कि समाज के सबसे कमजोर वर्ग के उत्थान में है। किसी भी समाज की सच्ची प्रगति उस समाज के अंतिम व्यक्ति की भलाई से मापी जाती है। दीनदयाल जी के अंत्योदय का सिद्धांत न केवल आर्थिक विकास पर केंद्रित है, बल्कि इसमें सामाजिक न्याय और समानता भी शामिल है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों से प्रेरित और अंत्योदय के प्रति समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी राष्ट्रनिर्माण की दिशा में अपने तीसरे कार्यकाल में सतत समर्पित हैं। विगत 10 वर्षों में श्री मोदी को सरकार ने देश के अन्नदाताओं के लिए किसान सम्मान निधि के माध्यम से प्रतिमाह 6000 रुपए की राशि दी जाती है। इसके माध्यम से 2.25 लाख करोड़ रुपए सीधे किसानों के खातों में जमा हुए हैं। इसके साथ ही श्री मोदी जी के नेतृत्व में 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है। वहीं लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए श्री मोदी ने 33: आरक्षण की सौगात भी दी है। तीन तलाक से मुस्लिम महिलाओं को आजादी दिलाने से लेकर गांव-गरीब-मजदूर तक ढ़ेरों योजनाएं संचालित कर श्री मोदी ने सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य को धरातल पर साकार किया है।

विधायक भावना ने कहा कि छत्तीसगढ़ में इसी अंत्योदय के विचार पर चलते हुए भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की जरूरतमंदों के लिए ?1 किलो चावल, निशुल्क नमक, आदिवासी अंचल में नि:शुल्क चरण पादुका वितरण समेत ढ़ेरों योजनाएं संचालित की। आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की 70 लाख माताओं-बहनों को प्रतिमाह 1000 का आर्थिक सहयोग, 18 लाख जरूरतमंदों के लिए प्रधानमंत्री आवास समेत कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं आज छत्तीसगढ़ का नेतृत्व भी एक ऐसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के हाथ में हैं। जो अंत्योदय के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं वह आदिवासी समाज जिसे पंक्ति में सबसे पीछे समझा जाता था आज वह हम सभी छत्तीसगढ़वासियों का नेतृत्व कर रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के सिद्धांत में स्वावलंबन की भावना भी निहित है, ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षा को अंत्योदय के लिए एक महत्वपूर्ण साधन माना। उनका मानना था कि शिक्षा ही लोगों को अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक कर सकती है।

समाज की अंतिम व्यक्ति की भलाई के बिना सच्चा विकास संभव नहीं- भावना बोहरा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का जीवन और उनके विचार भारतीय समाज के लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं। उनका अंत्योदय का सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है और यह दर्शाता है कि समाज के अंतिम व्यक्ति की भलाई के बिना सच्चा विकास संभव नहीं है। उनके विचारों को अपनाकर हम एक ऐसा समाज बना सकते हैं जहाँ हर व्यक्ति का सम्मान हो और हर किसी के अधिकार सुरक्षित हों।

संकुल केंद्र खोकसा में नवोदय प्रवेश परीक्षा कोचिंग सेंटर संचालित

सरायपाली (समय दर्शन)। संकुल केंद्र खोकसा में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिये निशुल्क कोचिंग सेंटर का उद्घाटन बसना बीईओ जे आर डहरिया, एबीईओ बद्री प्रसाद जोल्हे, विनोद कुमार शुक्ला, लकेश्वर सिंह कंवर एवं बीआरसी पूर्णानंद मिश्रा के मार्गदर्शन में संकुल प्रभारी पीएन ठाकुर, संकुल समन्वयक टीआर पटेल, द्वारा किया गया। टीआर पटेल ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा दी जारही कोचिंग का लाभ संकुल केंद्र के अंतर्गत कक्षा पांचवी में अध्यनरत करीब 34 छात्र लाभ ले रहे हैं। कोचिंग क्लास प्रारंभ करने की सराहना पालकों द्वारा की जा रही है। इससे ग्रामीण बच्चे भी नवोदय प्रवेश परीक्षा संबंधी तैयारी कर पाएंगे और नवोदय में पढ़ने का सपना पूरा हो पाएगा। कोचिंग सेंटर में संतलाल चौहान, मोहित बरिहा, सूरज पटेल आदि कोचिंग प्रदान करेंगे। इस अवसर पर प्रधान पाठक एन पी नायक व्याख्याता चंद्रकांत चौरसिया, संतलाल चौहान, एसएमडीसी अध्यक्ष बाबूलाल दीवान, सत्यनारायण साहू, के पटेल, रोहित भट्ट, चंद्रकात चौरेसिया, लखन चंद्रवंशी, स्मार्ट टीचर मोहित बरिहा, नंद कुमार चौहान, बनखंडी सिदार आदि उपस्थित थे

राष्ट्रीय शांति और स्व उन्नति हेतु राजयोग साधना जरुरी : भगवान भाई

बसना (समय दर्शन)। प्रजापिता म्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओम शांति केन्द्र बसना मे बीते दिन एक दिवसीय राजयोग साधना शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ ।

इस अवसर पर माऊंट आबू राजस्थान से भगवान भाई बतौर अतिथि शामिल हुए ।

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । केंद्र के दीदियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया ।

दूसरों की विशेषताएं देखने और धारण करने में ही हमारी आत्मा की उन्नति होती है। दूसरों के अवगुण को देखकर अगर हम उनका चिंतन-मनन करते हैं और उन्हें जगह-जगह फैलाते हैं, तो वे पलट कर हमारे पास ही आ जाते हैं और हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं। आत्मचिंतन उन्नति की सीढ़ी है, तो पर चिंतन पतन की जड़ है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय माउंट आबू राजस्थान से पधारे बी के भगवान भाई ने सभा को संबोधित करते हुए साधकों से ध्यान, योग,चिंतन ,साधना एवं आत्म कल्याण के लिए स्थानीय ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवा केंद्र मे राष्ट्रिय शांति और स्व उन्नति हेतु एक दिवसीय राजयोग साधना शिविर के कार्यक्रम में अपने विचार, उद्गार साझा किए।

उन्होंने कहा कि यदि हम स्वयं आंतरिक रूप से रिक्त होंगे तो अपनी रिक्तता को बाहरी तत्वों से भरने के लिए हमेशा दूसरों से कुछ लेने का प्रयास करेंगे, यदि हमार अंतर्मन प्यार, सौहार्द और मैत्री भाव से भरा रहेगा तो हम जगत में प्यार और मैत्री को बाँटते चलेंगे। उन्होंने कहा कि राजयोग के द्वारा ही हम अपने संस्कारों को सतोप्रधान बना सकते हैं। इंद्रियों पर काबू कर सकते हैं। क्रोध मुक्त और तनाव मुक्त रहने के लिए हमें रोजाना ईश्वर का चिंतन, गुणगान करना चाहिए । सकारात्मक चिन्तन से हम जीवन की विपरीत एवं व्यस्त परिस्थितियों में संयम बनाए रखने की कला है।

भगवान भाई जी ने कहा कि वर्तमान में मानव मानसिक रूप से परेशान है, किंतु उसकी यह मानसिक व्यग्रता धीरे-धीरे उसकी संपूर्ण शारीरिक व्यवस्था को विकृत कर देती है। कितनी ही शारीरिक बीमारियाँ केवल मानसिक तनाव, टेंशन, डिप्रेशन अब चिंता के रूप में बदलता जा रहा है । ऐसे समय यह आध्यत्मिकता हमें तनाव मुक्ति दिलाईगी। इस भट्टी से सोच सकारात्मक बनाने की प्रेरणा लेकर जाना है। स्थानीय ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवाकेंद्र के प्रभारी बी के प्रीति बहन जी ने कहा कि प्रजापिता बाबा एवं हमारी दादियों ने अनेक आत्माओं को अपना प्यार देकर उसमें शक्तियां भरी एवं उसे सर्व बंधनों से मुक्त कराया। बाबा ने परचिंतन एवं परदर्शन से मुक्त बन परोपकारी बनने की शिक्षा दी। इस साधना भट्टी से हमें अपने संस्कारों का परिवर्तन कर जाना है ।

इस एक दिवसीय योग भट्टी में स्व उन्नति हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया । कार्यक्रम में अन्य सेंटर के भाई बहने भी उपस्थित थे ।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2021-23